@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 116 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 सोमवार, 24 फरवरी 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495



प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

# किंग कोहली का शतकीय सलाम

## भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया







**दुबई/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**भारत** ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई थी। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान विराट को शतक नहीं बनाने देने की साजिश रच रहा है। शाहीन वाइड पर वाइड फेंक रहे थे। 43वें ओवर में भारत को जीत के लिए चार रन और कोहली को शतक के लिए पांच रन चाहिए थे। 43वें ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने एक रन लिया। फिर अगली गेंद पर अक्षर ने एक रन लिया। तीसरी गेंद पर विराट ने चौका लगाकर शतक भी पूरा किया और भारत को जीत भी दिलाई। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अब दो मैच जीत लिए हैं और सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं, पाकिस्तान की टीम लगभग चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई है। उसे अब अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। भारत के दो मैचों के बाद चार अंक हैं, जबकि पाकिस्तान दो मैचों में खाता नहीं खोल सका है।

**भारत की पारी**
242 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। रोहित आक्रामक खेलने की कोशिश में शाहीन अफरीदी की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। वह 15 गेंद पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शुभमन गिल और विराट कोहली ने पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी निभाई। गिल अर्धशतक से चूक गए। वह 52 गेंद में सात चौके की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अबरार अहमद ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद कोहली के साथ भारत को जीत तक ले जाने की जिम्मेदारी श्रेयस अय्यर ने संभाली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी निभाई। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कोहली ने अक्षर के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई।

**पाकिस्तान की पारी**
इसस पहले पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर ऑलआउट हो गई थी। भारत ने वनडे में लगातार पांचवें मैच में विपक्षी टीम को 50 ओवर के अंदर ऑलआउट किया है। भारत की ओर से कुलदीप ने सबसे ज्यादा तीन और हार्दिक पांड्या ने दो विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को बाबर आजम और इमाम उल हक ने सधी हुई शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को हार्दिक पांड्या ने तोड़ा। उन्होंने बाबर को विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया। वह 26 गेंद पर पांच चौके की मदद से 23 रन बना सके। इसके अगले ही ओवर में इमाम उल हक भी रन आउट हो गए। वह 26 गेंद में 10 रन बना सके। 47 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद सऊद शकील और कप्तान मोहम्मद रिजवान ने पारी संभाली।

## चंडीगढ़-शिमला मार्ग पर हादसा, चार की मौत

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
चंडीगढ़-शिमला मार्ग पर पंचकूला के पास रविवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत हो गई। मृतकों में दो पंचकूला के नाबालिग हैं। जबकि एक हिसार और एक मोहाली का रहने वाला है। पंचकूला पुलिस ने बताया कि दो कारों में 7 दोस्त रविवार सुबह परवाणु से पंचकूला की तरफ आ रहे थे। आगे वरना कार चल रही थी, जिसमें 4 दोस्त सवार थे। इनके पीछे वाली दूसरी गाड़ी में 3 दोस्त सवार थे। जैसे ही वे चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर पहुंचे तभी सोलन-शिमला बाईपास पर आगे चल रही वरना कार का बायां टायर अचानक फट गया, जिससे ब्रेक फेल हो गए और कार बेकाबू होकर पहले हाईवे किनारे लगे एंगल से टकराई।



दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में है। मंत्री अपने-अपने विभागों का गहन अध्ययन और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल की कमियों को ठीक करने के लिए ताबड़तोड़ कदम उठाए जा रहे हैं। इन सबके बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की।

## भारत का अपमान करने के बावजूद चुप्पी क्यों: जयराम रमेश

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**यू**एसएड फंडिंग विवाद के बीच, कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस ने भाजपा पर 'अमेरिका से झूठी खबरें' फैलाने और 'राष्ट्र-विरोधी कार्य' करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को यह बताना चाहिए कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क बार-बार भारत का 'अपमान' कर रहे हैं, तो सरकार चुप क्यों है? हालांकि, भाजपा ने कांग्रेस के सभी आरोपों को खारिज कर दिया। साथ ही राहुल गांधी को 'देशद्रोही' करार देते हुए कहा कि वह वह विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।



**भाजपा झूठे-अनपढ़ लोगों का समूह: जयराम रमेश**
कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा को झूठे और अनपढ़ लोगों का समूह बताया। साथ ही कहा कि 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर की खबर, जिस पर भाजपा ने हंगामा किया, फर्जी निकली। उन्होंने कहा, 2022 में 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर की खबर भारत में 'मतदान' के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश के लिए थी।' उन्होंने आरोप लगाया कि एलोन मस्क ने फर्जी दावा किया, ट्रंप बांग्लादेश और भारत के बीच भ्रमित हो गए। अमित मालवीय ने झूठ को और फैलाया, फिर भाजपा के बाकी चाटुकारों ने इसका फायदा उठाया। जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'जब से ट्रंप प्रशासन के सरकारी दक्षता विभाग ने कहा कि यूएसएड ने 'भारत में मतदान' के लिए 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग रद्द कर दी है।

## पीएम मोदी ने मंत्री-विधायक-सांसदों को दी नसीहत



**भोपाल/हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान शाम को भोपाल में प्रदेश के मंत्रियों, भाजपा विधायकों-सांसदों और चुनिंदा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। रविवार शाम को भोपाल स्थित कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में यह बैठक करीब सवा दो घंटे तक चली। बैठक के बाद बाहर निकले भाजपा सांसदों और विधायकों ने कहा कि बैठक शानदार रही। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी की बात सुनी और सहज, सरल होकर जनता की सेवा करने और गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा जनता के बीच रहे। जमीन पर रहे, विकास कार्य करते रहे।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला ने अगवानी कर स्वागत किया। बैठक में किसी भी नेता को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं थी। बिना एंट्री पास के किसी भी नेता को अंदर नहीं जाने दिया। इंदौर सांसद शंकर लालवानी अपना पास लिए बिना पहुंचे तो उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया। बाद में उन्होंने अपना पास मंगाया तब जाकर वे एंट्री कर सके। मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता से बैठक से बाहर आने के बाद बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश, समाज और विकास के कार्य आनंद से करते रहो। वहीं, मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि 'अच्छी चर्चा हुई है। अच्छी बात हुई है। काम की बात हुई है।'

# लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्यरत : मुख्यमंत्री

## -बिना भेदभाव के करवाए जा रहे विकास कार्य : नायब सिंह सैनी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**फरीदाबाद**। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे हरियाणा में विकास की विचारधारा के साथ कार्य करवाएं जा रहे हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिले, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से सरकार सार्थक कदम बढ़ा रही है। आमजन के हितों की अनदेखी न हो इस पर सरकार का पूरा फोकस है। मुख्यमंत्री
नायब सिंह सैनी रविवार को फरीदाबाद में अपने दौरे के दौरान आमजन से सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीर सपूतों को नमन भी किया। उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि रेल, सडक के साथ ही मेट्रो कनेक्टिविटी के साथ आने वाले दिनों में बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो का विस्तार करके क्षेत्र को सौगात देने का कार्य भी वर्तमान सरकार द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा की



भावना से सरकार कार्य कर रही है और लोगों को उनके घर द्वार पर सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। बिना किसी भेदभाव के समान विकास कराने का लक्ष्य लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि जन सुविधा के लिए सरकार ने उपमंडल से लेकर जिला स्तर के कार्यालयों में समाधान शिविरो का आयोजन कर हर वर्ग से जुड़ी समस्याओं का निदान प्रत्येक कार्य दिवस पर सुनिश्चित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सरकार लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कार्य कर रही है। आज लोगों को अपने कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े, इसके लिए सभी जरूरी सेवाएं ऑनलाइन की जा रही है। इससे पूरी पारदर्शिता के साथ कम समय में आमजन के कार्य हो रहे हैं। पूरे हरियाणा में आवागमन सुविधा को बेहतर बनाया गया है और मजबूत सडक सुरक्षा तंत्र के साथ सडकों का जाल बिछाकर परिवहन को सुगम बनाया गया है। वहीं गरीब और जरूरतमंदों के लिए परिवहन विभाग की हैप्पी कार्ड योजना काफी लाभकारी सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर भी काफी सजग है। प्रदेश सरकार चिरायु योजना के तहत जरूरतमंद लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उनके परिवारों को 5 लाख रुपए तक सालाना मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया करवा रही है। इसमें जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए तक है उनके मुफ्त में आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। वहीं तीन लाख तक की सालाना आय वाले परिवार के लिए 1500 रुपए के शुल्क पर इस सुविधा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। सरकार ने 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को भी आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ निशुल्क देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में काफी सुधार किए गए हैं। हरियाणा में छात्राओं को उच्च शिक्षा देने के उद्देश्य से महाविद्यालयों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा 2025 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की पहल करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने बताया कि आज युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरियां दी जा रही है। इससे अब हर वर्ग के युवा अपनी मेहनत के दम पर सरकारी नौकरी पाने में सफल हो रहे हैं। वहीं खेलों में भी हरियाणा का डंका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बज रहा है। प्रदेश के खिलाड़ी विश्व स्तर की स्पधाओं में मेडल हासिल करके देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए गांवों में ओपन जिम, व्यायामशालाएं व खेल के मैदान साथ-साथ प्रशिक्षक भी नियुक्त किए जा रहे हैं।

## एंजेल पब्लिक स्मार्ट स्कूल ने आयोजित किया शैक्षणिक भ्रमण



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**चंडीगढ़, 23 फरवरी।** एंजेल पब्लिक स्मार्ट स्कूल, बेहलाना के विद्यार्थियों को आज एक शैक्षणिक भ्रमण के तहत चौखी ढाणी ले जाया गया, जहाँ उन्होंने राजस्थान की समृद्ध विरासत, पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू होने का अवसर प्राप्त किया।
इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राजस्थानी ग्रामीण जीवन की झलक देखी और वहाँ की पारंपरिक लोक संस्कृति, हस्तशिल्प, पारंपरिक भोजन एवं लोक नृत्य का आनंद लिया। चौखी ढाणी में राजस्थानी कला, संगीत और परंपराओं का जीवंत अनुभव प्राप्त कर बच्चों ने संस्कृति के महत्व को करीब से जाना।
स्कूल निदेशक, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में संपन्न इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को भारत की विविध संस्कृति से अवगत कराना था। स्कूल के निदेशक देविंदर सिंह अरोड़ा ने इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया।

## बंद पड़े मकान से नकदी व सामान चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** शहर के अग्रसेन कॉलोनी गली नंबर 8 में एक बंद मकान से चोर नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।
पुलिस को दी शिकायत में अश्विनी कुमार ने बताया कि उसका दामाद व बेटी भादरा बाजार में खाई वाली गली में रहते हैं। उसने बताया कि पिछले कुछ समय से वे दिल्ली में रह रहे हैं और घर की देखभाल वह स्वयं करता है। उसने बताया कि इसी का फायदा उठाकर चोर रात को घर में घुसकर अलमारी का ताला तोडकर 8 जोड़ी पाजेब चांदी, 1 सिलेंडर, 1 इनवर्टर 2 बैटरी और घर में लगी टूटियां, घर में रखे पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। सुबह पड़ोस के लोगों ने घर का गेट खुला होने के बाबत सूचना दी। जब वह मौके पर पहुंचा तो अंदर कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कथा सुनने गई महिला के गले से लॉकेट व चेन चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** रानियां रोड स्थित श्री तारा बाबा कुटिया में कथा सुनने गई महिला के गले से शातिर चोर सोने की चेन व लॉकेट चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में हुडा सेक्टर-3 निवासी अनीता कुमारी ने बताया कि वह तारा बाबा कुटिया में बीती 17 फरवरी को कथा सुनने के लिए गई थी। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर कोई उसके गले से सोने की चेन चोरी कर ले गया, जिसमें लॉकेट भी था। जब वह कथा सुनकर जाने लगी तो उसने गले में अपनी चेन संभाली, जोकि गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आरे से हजारों का सामान चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** नटार रोड स्थित आरे से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए।
पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 24 नोहरिया गेट निवासी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उसका नटार रोड पर लकड़ी का आरा है। उसने बताया कि बीती 20 फरवरी की शाम को वह आरे का गेट बंदकर घर आ गया। देर रात को चोरों ने दीवार फांदकर अंदर घुसकर दो बिजली की मोटर, एक लोहे का खराद मशीनरी का अड्डा, एक ग्राइंडर मशीन, एक कटर मशीन, टूल का सारा सामान, बिजली का सामान जिसमें बिजली की तार के दो बंडल, चार बिजली के एक्सटेंशन बोर्ड, इसके अलावा कुछ अन्य औजार चोरी कर ले गए। सुबह जब वह आरे पर आया तो अंदर जाने पर उसे घटना का पता चला। सामान संभाला तो उपरोक्त सामान गायब था। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ढाणी में बने कमरे से सामान चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** गांव मीरपुर रकबा के खेतों में बनी ढाणी से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए।
पुलिस को दी शिकायत में हुडा सेक्टर-20 निवासी गौरव मदान ने बताया कि बीती 21 फरवरी की शाम को वह अपने खेतों से वापस घर आ गया। देर रात को चोरों ने खेतों में बनी ढाणी के कमरे का दरवाजा तोडकर 1 सिलेंडर, टॉर्च, म्यूजिक सिस्टम, कंपनी विरको के स्पीकर व होंडई कंपनी के स्टीरियो एक कुल किट, तार का बंडल, ग्राइंडर, एक पानी की मोटर चोरी करके ले गए। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ट्यूबेल से सामान चोरी में कबाड़ी सहित दो लोग काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** डिंग थाना पुलिस ने बीते दिन डिंग थाना क्षेत्र के गांव शेरपुरा में स्थित खेत से दो ट्यूबबेलों का समान चोरी करने के मामले में कबाड़ी सहित दो लोगों को काबू किया है।
डिंग थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नरेश कुमार पुत्र सेवाराम व धर्मवीर पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव जोधकां के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में गांव शेरपुरा निवासी सुभाष चंद्र पुत्र रामेश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 18 फरवरी को कोई अज्ञात युवक मेरे व मेरे भाई के खेत में लगे ट्यूबबेलों का समान चोरी करके ले गया। शिकायत के आधार पर डिंग थाना में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान डिंग थाना पुलिस ने आरोपी नरेश कुमार को गांव जोधकां क्षेत्र से काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि ट्यूबवेल चोरी का सामान जोधकां निवासी धर्मवीर कबाड़ी को बेच दिया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की निशानदेही पर चोरीशुदा ट्यूबबेल का सामान व वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद कर लिया है तथा चोरी का सामान खरीदने की एवज में आरोपी धर्मवीर कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में सिरसा जेल भेजा गया है।

## महिला आभूषण लेकर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** गांव रघुआना से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि बीती 12 फरवरी को परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए थे। बीती 13 फरवरी की सुबह उसकी पत्नी किसी काम से जाने का कहकर घर से गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उसने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। घर में जब सामान संभाला तो एक जोड़ी सोने के कांटे, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का कोका गायब मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 21 दुल्हनों के एक साथ संपन्न हुए विवाह

### 16 आनंद कारज, 1 ईसाई व 4 विवाह हिंदू रीति रिवाज से हुए संपन्न




**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** लायंस क्लब अक्स द्वारा संस्थापक सतीश जग्गा के सानिध्य में चौटाला रोड पर स्थित निजी होटल में रविवार को 21 जरुरतमंद परिवारों की कन्याओं की शादियां करवाई गई। मांगलिक हवन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। इसमें संस्था के सस्थापक सतीश जग्गा, संभागीय अध्यक्ष अरविंदर मोंगा, प्रधान ऋषि मित्तल, अजय सेठी, प्रो. बीर चंद गुप्ता, लक्की गुप्ता, संदीप चावला, अमन बांसल सहित अन्य सदस्यों ने हवन में आहुतियां देकर समारोह का शुभ आगाज किया। सर्वधर्म समभाव की मिसाल बने ह्य5वें अक्स आशीर्वाद सामूहिक कन्यादान समारोहह्व में प. मुरारी लाल शास्त्री की देखरेख में हिंदु रीति रिवाज से 4 विवाह संपन्न करवाए गए। 16 विवाह आनंद कारज के साथ गांव शेरगढ़ के श्री अडिकासर गुरुद्वारा साहिब में पाठी तरसेम सिंह ने एवं पास्टर विक्की शेरगिल ने 1 विवाह क्रिश्चियन विधि विधान से संपन्न करवाया। इस दौरान सभी वर वधुओं के धर्म अनुसार उनके रीति रिवाजों व परंपराओं का पूरा ख्याल रखा गया। जब बड़े मंच पर सभी 21 जोड़ों की जयमाला हुई तो फूलों की वर्षा के बीच सबको ऐसा आभास हुआ कि जैसे हजारों इलाकावासियों के अलावा आसमान में देवी देवता भी फूल बरसा कर नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद दे रहे हैं।
विवाह समारोह में घरातियों, बारातियों तथा अतिथियों की आवभगत के लिए संस्कृति, सभ्यता और विरासत मेला थीम पर आधारित शानदार प्रबंध किए गए। क्लब प्रवक्ता मनीष गुप्ता ने बताया कि सबका अभिनंदन पलवल से आए 9 सदस्यीय बृज लोक संगीत तथा सभ्याचारक दल द्वारा नगाड़ों के साथ किया गया। 7 स्टार म्यूजिकल ग्रुप के तरुण राठौर, विजय रामावत, भोला नागराज ने अपनी टीम के साथ प्रस्तुति दी। वहीं, प्रदीप रहेजा, नताशा सेठी, नरेश शर्मा, निमित्त गर्ग, तनुष बंसल व आरूही ने संगीत प्रस्तुत किया। अंग्रेज सिंह विरदी ने गुरदास मान के पंजाबी गीत प्रस्तुत किए। डगा भंगड़ा अकेडमी ग्रुप के विशाल कुमार, राजिंद्रपाल सिंह, सुपनप्रीत सिंह, जसकरण, अर्शदीप, जसप्रीत, सुखचैन व संदीप सिंह ने पंजाबी लोकनाच झूमर प्रस्तुत किया। लखनऊ के हरिओम पपेट ग्रुप ने कठपुतली नाटक दिखाया। जयपुर से राजस्थान इवेंट मैनेजमेंट के मोहित शर्मा ने समारोह में बिग पपेट डांस ग्रुप के साथ अपनी कला के रंग बिखेरे। वहीं, मोगा से आए शिल्प कलाकार हरबंस सिंह व बलवंत सिंह ने अपनी शिल्प कला के माध्यम से बनी लकड़ी की कलाकृतियों के जरिए सबको पुरातन विरासत से रूबरू करवाया। समारोह में हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, एचएसएससी के सदस्य सुभाष रोलन, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन बलदेव सिंह मांगेआना, कुलदीप गदराना, संजय हिटलर, रानियां से पुनीत बंसल, रवि मोंगा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

# नपा चुनाव: लोहारू के वार्ड मूलभूत सुविधाओं के रहे हैं तरस, गंदगी से कराह रहे हैं वार्ड



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 23 फरवरी।** लोहारू नगर पालिका चुनाव के लिए स्थानीय राजनीतिक सरगर्मिया अपने चरम पर है परंतु यदि लोहारू के वार्डो की मुलभूत सुविधाओं पर नजर दौड़ाई जाए तो शहर के सभी 14 वार्ड गंदगी से कराह रहे हैं। चारों और गंदगी का आलम देखने को मिल रहा है। लोहारू के पहले के 13 वार्डों के विकास कार्यों की स्थिति का देखा जाए तो सभी वार्डों की अपनी-अपनी समस्याएं हैं। सीवरेज सफाई, नालियों के गंदे पानी की निकासी, टूटी हुई नालियां, सडक से ऊपर उठे हुए मैनहॉल, रात्रि के समय उचित प्रकाश की व्यवस्था, टूटी हुई सडकें, सफाई व्यवस्था आदि बहुत सी समस्याएं हैं जो कहीं न कहीं लोहारू की जनता पूर्व चेयरमैन व पार्षदों को कोसती नजर आ रही है। लोग दबी जुबान से कह रहे हैं कि सभी प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं परंतु अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने लोहारू की जनता को लोहारू के विकास का विजन नहीं दिया है।
उल्लेखनीय है कि रविवार को लोहारू के वार्ड नंबर 2 व 3 का जायजा लेकर वार्ड के लोगों की समस्या का नजदीक से देखने का प्रयास किया। इस दौरान लोगों का सुविधाओं की कमी को लेकर दर्द को देखा जा सकता था। लोगों का कहना था कि इस बार भी बहुत से चेयरमैन पद व पार्षद पद के दावेदार चुनावी मैदान में जोर शोर से लगे हुए हैं परंतु किसी भी प्रत्याशी का लोहारू की समस्या को लेकर कोई विजन नहीं है जो कहीं न कहीं चिंता का विषय है। सभी को अपनी कुर्सी की पड़ी हुई है। उनका कहना था कि लोहारू के पूर्व के प्रधान लोहारू की समस्याओं को लेकर तनिक भी संजिदा नजर नहीं आए जिसके चलते उनके वार्डों में गंदे पानी की निकासी की समस्या, सडक से ऊपर उठे हुए मैन हॉल व टूटी हुई नालियों की समस्या से दो चार रहना पड़ा है। लोगों ने बार-बार अपनी समस्या को नपा प्रशासन के सामने रखा परंतु आश्वासन के अलावा उनको कुछ नहीं मिला मिली तो केवल और केवल अव्यवस्था का दर्द। वार्ड के लोगों का मानना है कि अभी चुनावों में करीब एक सप्ताह का समय बचा है वे उसी प्रत्याशी को अपना वोट करेंगे जो लोहारू के लिए नया विजन लेकर आएगा और लोहारू के विकास का रोडमैप जनता के सामने रखकर उनको पूरा करने का आश्वासन देगा। वार्ड के लोगों का कहना था कि विगत के कार्यकाल में लोहारू कहीं से भी नगर पालिका नजर नहीं आया सभी पार्षद अपनी मस्ती में मस्त रहे परंतु गंदगी और मूलभूत सुविधाओं से कहरा रही लोहारू की जनता को राम भरोसे छोड़ा गया जिसका खामियाजा लोहारू की जनता को भुगतना पड़ा। बरसात के दिनों में टूटी सडकें और उनमें बने गड्ढे उनके लिए परेशानी का सबब बने रहे। सडकें बनी परंतु नपा चेयरमैन व पार्षदों ने उनकी ठीक से मॉनिटरिंग नहीं की जिसके चलते केवल और केवल लीपापोती की गई। उनका कहना था कि इस बार ऐसा नहीं होने वाला है लोहारू को अपने दिल में रखने वाले को मौका दिया जाएगा जो सही से लोहारू की जनता की समस्याओं का निराकरण कर सके।

# रोजाना एक घंटा मैदान में रहने वाला हमेशा रहता है स्वस्थ: बंडारू दत्तात्रेय

### राज्यपाल ने विजेता टीम हिम्स हॉक्स को ट्राफी देकर किया सम्मानित



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**चंडीगढ़, 23 फरवरी।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जो व्यक्ति रोजाना एक घंटा मैदान में रहता है, उसे कभी बीमारी नहीं आती है। प्रदेश के हर स्कूल में भी एक घंटा खेल होना चाहिए। इससे स्वास्थ्य बना रहेगा। स्वास्थ्य बना रहने के साथ आत्म विश्वास में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आज की इस प्रतियोगिता में जो जीते हैं और जो हारे हैं। सभी ने बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया। हार के बाद एक नया जोश उत्पन्न होता है, जो भविष्य की जीत को तय करता है।
राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज सेक्टर - 3 स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में यूटी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे संस्करण के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।
बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस शहीद चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल ळ20 क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में हिम्स हॉक्स टीम ने वाइल्डवुड वॉरियर्स को हराकर टाइटल जीता। विजेता टीम को राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने ट्राफी देखकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब खिलाड़ी शिवम बामरी को मिला। फाइनल मुकाबले के बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट गेंदबाज राहुल सिंह रहे और देवांश कौशिक को बेस्ट बल्लेबाज का खिताब मिला। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी दक्षता, शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया है। मेरी कामना रहेगी कि आप सभी जीवन में ऊंची उपलब्धियां हासिल करें। उच्च मनोबल व दृढ निश्चय द्वारा ही सभी कठिनाईयों का सामना कर लक्ष्य की प्राप्ती की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की जयंती है। उन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों को समाज से दूर करने में अपना योगदान दिया। मैं उन्हें नमन करता हूं और आप सभी से उनके द्वारा दिए गए संदेशों को जीवन में अपनाने का आग्रह करता हूं।
राज्यपाल ने बताया कि जुलाई 2019 में बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त करने के बाद व 35 वर्षों के अथक प्रयासों के बाद, यूटी क्रिकेट एसोसिएशन ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यूटीसीए के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने बीसीसीआई टूनार्मेंटों में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। कई खिलाड़ियों ने वर्ष 2021 से वर्ष 2025 के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की है। उन्होंने बताया कि यूटीसीए सालाना 60 से अधिक बीसीसीआई-स्वीकृत मैचों की मेजबानी करता है, जिसमें प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी खेल शामिल हैं। एसोसिएशन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (ठउअ) शिविर आयोजित करता है, जिससे चंडीगढ़ की स्थिति एक प्रमुख क्रिकेट केंद्र के रूप में मजबूत होती है।

# होंडा ने यूएनआरएसएफ के साथ साझेदारी की




**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**करनाल, 23 फरवरी।** होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को कम करने के लिए वैश्विक पहलों में योगदान देने के लिए यूएनआरएसएफ के साथ साझेदारी करने वाली पहली ऑटोमोबाइल निमार्ता बन गई है, जिसमें 5 वर्षों में 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पूर्व घोषित प्रतिबद्धता भी शामिल है। होंडा ने सुरक्षा प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और सुरक्षित ड्राइविंग/राइडिंग को बढ़ावा देने के अपने लंबे इतिहास के दौरान जो ज्ञान और जानकारी एकत्र की है, उसे यूएनआरएसएफ के वैश्विक नेटवर्क के साथ जोड़कर, होंडा और यूएनआरएसएफ यातायात दुर्घटनाओं के विश्लेषण और विभिन्न देशों की सड़क सुरक्षा नीतियों का समर्थन करेंगे।
सड़क पर चलने वाले सभी लोगों के लिए टकराव-मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए प्रयासरत, होंडा ने अपने वैश्विक सुरक्षा नारे हर किसी के लिए सुरक्षा के तहत हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों ही दृष्टिकोणों से सुरक्षा पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। होंडा 2050 तक दुनिया भर में होंडा मोटरसाइकिलों और ऑटोमोबाइल से जुड़ी यातायात टक्कर से होने वाली मौतों को शून्य करने का प्रयास कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक दुर्घटनाओं में 50% की कमी लाना है। इस साझेदारी में, होंडा और यूएनआरएसएफ दो प्रमुख क्षेत्रों - यातायात टक्कर विश्लेषण और सड़क सुरक्षा नीतियों के लिए समर्थन - पर ध्यान केंद्रित करेंगे और दुनिया भर के विभिन्न देशों के साथ मिलकर यातायात टक्कर से होने वाली मौतों को कम करने में योगदान देंगे। इसके अलावा, उभरते देशों में मोटरसाइकिलों से जुड़ी यातायात टक्कर से होने वाली मौतों को कम करने का प्रयास करते हुए, जो दुनिया भर में यातायात टक्कर से होने वाली मौतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## फ्रेशर पार्टी में थिरके विद्यार्थी



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के प्रांगण में फ्रेशर पार्टी 2025 बॉलीवुड एक्स्ट्रावगंजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संस्थान के चेयरमैन एनके गुप्ता व सचिव पुलकित गुप्ता ने शिरकत की जबकि विशिष्ट अतिथि मैनेजमेंट मेंबर राजेंद्र अग्रवाल थे।
संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. संजीव कालरा ने महमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व वंदना से किया गया। चेयरमैन एनके गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी और प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। वंश एंड ग्रुप ने सर्वप्रथम बॉलीवुड मेलोडी थीम पर डांस प्रस्तुत किया जिससे पूरा माहौल रोमांचित हो उठा। फामेर्सी विभाग की छात्रा नीलम ने राजस्थानी डांस किया। इसके उपरांत प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों का रैंपवॉक, एक्टिविटी राउंड तथा प्रश्न उत्तर राउंड रखा गया। प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने पंजाबी डांस भांगड़ा की प्रस्तुति दी। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रतिभा, पर्सनेलिटी तथा प्रतिभागिता के आधार पर कर्ण को मिस्टर फ्रेशर एवं निशा को मिस फ्रेशर चुना गया जिसके लिए उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. संजीव कालरा ने प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उन्होंने अपने करियर के नए पड़ाव में कदम रखा है। संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर तरह के प्रयास के लिए वचनबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की काउंसलर एकता कालरा ने संस्थान के सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मंच संचालन फामेर्सी विभाग के विद्यार्थी तमन्ना, राहुल, वंश, गीता, परमजीत, लक्ष्य एवं निधि ने किया। इस अवसर पर कुलवंत सिंह, कुलविंद्र कौर, मंजू गर्ग, फामेर्सी तथा नर्सिंग विभाग के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

## 53 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** सीआईए डबवाली पुलिस ने कालुआना से बाइक सवार युवक को 53 बोतल नाजायज शराब सहित काबू किया है।
सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि एएसआई जगजीत सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान ओढां से कालांवाली रोड नजदीक बाबा मढाला मौजूद थे। इस दौरान एएसआई को सूचना मिली की एक व्यक्ति गांव कालांवाली में नाजायज शराब निकालकर बेचता है। आज नाजायज शराब लेकर ओढां की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर नहर पुल ओढां रोड कालांवाली पर पहुंचे ही थे कि कालांवाली की ओर से एक व्यक्ति बाइक पर प्लास्टिक की कैनी लिए हए आता दिखाई दिया। आरोपी के बाइक पर रखी कैनी को नीचे उतार कर चेक किया तो कैनी में 53 नाजायज शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुखदीप सिंह उर्फ सुखा पुत्र गुरजंट सिंह निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## युवक 6.78 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली ने गश्त के दौरान मलोट रोड क्षेत्र से एक युवक को 06 ग्राम 78 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है।
एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली के प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई रणजोध सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान डबवाली में मलोट रोड पर पुल के नीचे मौजूद थे। इसी दौरान डबवाली शहर की ओर से एक युवक पैदल पुल के साथ आ रहा था। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर तेज कदमों से वापिस मुडकर चलने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जा से 06 ग्राम 78 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ दीपक पुत्र हेम राज निवासी वार्ड नंबर 15 खटीक मोहल्ला मंडी डबवाली के रुप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

## युवक 2500 नशीली गोलियां व कैप्सूल सहित गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 23 फरवरी।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने एक युवक को बड़ी मात्रा मे नशीली गोलियां के साथ काबू करने में कामयाबी हासिल की है। सीआईए कालांवाली प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र सिंह ने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान कालांवाली से आरोपी शिव कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी कालांवाली को 2500 नशीली दवाओं के साथ काबू किया है। जिसमें 1500 कैप्सूल सिग्रोर, 300 कैप्सूल सिग्नेचर, 700 गोलियां टेंपटाडोल बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर को बुलाकर दवाओं के सैंपल लेकर आगे की कार्यवाही की गई है।

## आधारशिला साहित्यक संस्था द्वारा सम्मान समारोह एंव काव्य गोष्ठी



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**चंडीगढ़, 23 फरवरी।** आधारशिला साहित्यिक संस्था ने पंजाब कला भवन सेक्टर-16 चंडीगढ़ में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें पीजीआई चंडीगढ़ के अंतःस्त्रविका विभाग के डॉ. आशु रस्तोगी द्वारा लिखित पुस्तक पद,पादुका और आप का विमोचन हुआ। यह पुस्तक डॉ.रस्तोगी ने डायबिटिक फुट के बारे में लिखी है । इस पुस्तक में डायबिटिक फुट के कारण, निदान और देखभाल के बारे में बहुत ही सरल भाषा में डॉ. रस्तोगी ने मरीजों को बताया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह किताब मरीजों को मुफ्त में दी जा रही है। डॉ. आशु रस्तोगी ने मंच से वहाँ उपस्थित सभी लोगों को डायबिटीज और डायबिटिक फुट के बारें में भी बताया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के पूर्व सचिव सुभाष भास्कर थे जबकि विशिष्ट अतिथि आर्य समाज केंद्रीय सभा के मीडिया सलाहकार डॉ. विनोद शर्मा रहे।
दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे 92 साल की गुरदीप कौर ने सुरजीत पात्र की कविता सुनाई। इसके अलावा पवन मुंतज़िर, विजय कपूर, शमशेर साहिल, अशोक अग्रवाल,अनिता सुरभि,मंजीत मीरा,चरणजीत चंदवाल, हर्ष चोपड़ा, तिलक सेठी ,सुरेन्द्र पॉल और वीणा धींगडा, राजेन्द्र सोंध ने अपनी रचनाएं सुनाई। अनिता सुरभि ने अपनी रचना पेश करते हुए कहा कि माँ अपने खाली समय में हमेशा स्वेटर बुनती है। शायद खालीपन को भरने के लिए फंदों में उलझी रहती है।

## किसान महावीर भवन कमेटी का चुनाव 3 को

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
**लोहारू, 23 फरवरी।** किसान महावीर भवन कमेटी लोहारू के प्रधान और अन्य पदाधिकारियों का चुनाव 3 मार्च को प्रबुद्ध लोगों की मौजूदगी में संपन्न होगा। बलिदानी किसान महावीर फरटिया भवन की पुरानी कार्यकारिणी को 19 फरवरी को भंग कर दिया गया था और नई कमेटी बनाए जाने की घोषणा की गई थी।

यह जानकारी देते हुए सर्वजातीय श्योराण खाप चौरासी के प्रधान और किसान भवन कमेटी के कार्यकारी प्रधान कर्मबीर फरटिया ने बताया कि सामाजिक बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर दिया गया था। नई कमेटी और प्रधान का चुनाव 3 मार्च को इलाके की जनता के अनुरूप ही किया जाएगा। इसमें इलाके के प्रत्येक गांव से प्रबुद्ध लोग पहुंचेंगे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
**लोहारू, 23 फरवरी।** दिल्ली- बीकानेर रेल ट्रैक पर गांव परवेजपुर के नजदीक एक पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से दमकोरा गांव के एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान गांव दमकोरा निवासी अजय के रूप में हुई है।
परिजनों के अनुसार युवक कुछ दिन से मानसिक रूप से बीमार था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जीआरपी चौकी इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि दिल्ली बीकानेर ट्रैक के परवेजपुर रेलवे स्टेशन के करीब एक युवक जयपुर- बटिंडा पैसेंजर की चपेट में आया है तथा उसकी मौत हो चुकी है। जीआरपी टीम ने तुरंत घटनास्थल का मुआयना किया तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहारू के उप नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के पिता राजेश के बयान पर इतफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के दौरान विभिन्न स्थानों पर सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया




हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
**लुधियाना/जालंधर/अमृतसर।** एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ ह्यसबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षणह्न के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)। श्री स्वामिनाथन सुब्रमण्यम, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, ह्यह्यकई स्थानों पर एक साथ सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करना, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हर किसी के लिए गर्व की बात है। एक कंपनी के रूप में हमने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रच दिया है आपैर हमें विश्वास है कि आने वाले समय में भी हम आधुनिक एवं स्थायी सामाजिक-आर्थिक प्रयासों के माध्यम से समाज कल्याण की दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करना ग्रामीण कल्याण के लिए हमारे समर्पण की पुष्टि करता है और हमारे आर्थिक समाधानों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाते रहने के लिए प्रेरित करता है।ह्न
श्री शांतनु मित्रा, चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर एवं प्रबन्ध निदेशक, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, ह्यह्यएसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हम समाज कल्याण के प्रयासों द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव की उत्पत्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश भर में 1000 से अधिक शाखाओं के साथ हमारा ध्यान मुख्यत: टियर 2 नगरों पर केन्द्रित है जहाँ हमारी 90 फीसदी शाखाएं स्थित हैं। वास्तव में पिछले दो सालों में हमने तकरीबन 300 नई शाखाएं खोली हैं और ये सभी शाखाएं टियर-2 नगरों में ही खोली गई हैं। हमारा उद्देश्य सही उत्पादों एवं वित्तीय समाधानों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और समुदायों को सशक्त बनाना है।ह्नमैं हमारे हर कर्मचारी को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है। यह देखकर हार्दिक प्रसन्नता होती है कि इस साल का पशु विकास दिवस न सिर्फ पशुओं की देखभाल की दृष्टि से सबकी उम्मीदों पर खरा उतरा है, बल्कि इसके तहत देश भर के विभिन्न आयोजन स्थलों पर विशेष जागरुकता सत्र भी आयोजित किए गए, इन्हीं सब प्रयासों के फलस्वरूप हमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त हुआ है।

## डिटेक्टिव स्टाफ ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/अमित वालिया
**लोहारू, 23 फरवरी।** पुलिस कप्तान के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा जिले में पशु चोरी की वारदात करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू ने गांव दिनोद से बकरी व बकरे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।
उल्लेखनीय है कि रमेश निवासी कोटपुतली राजस्थान ने थाना सदर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि हाल गांव दिनोद में खेती-बाड़ी का काम करता हूं और 13 फरवरी की रात को चोर उनके खेत से 9 बकरी व 3 बकरे चोरी करके ले गए थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। पुलिस ने अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के मुख्य सिपाही अजय कुमार ने गांव दिनोद से बकरी व बकरे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को देवसर बाईपास भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राहुल पुत्र किरण पाल निवासी सैय, जिला भिवानी व सिकंदर पुत्र अतर सिंह निवासी दिनोद जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों से कुल 3500 बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों को पेश माननीय न्यायालय में कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर किया हासिल। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी वहीं अभियोग में अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# जेसीडी मेमोरियल कॉलेज बना ओवरऑल विजेता

## अर्जुन अवार्डी राजकुमार सांगवान ने विजेताओं को किया सम्मानित




हरियाणा वाटिका/रवि कुमार
**सिरसा, 23 फरवरी।** जेसीडी विद्यापीठ में 19वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में ओवर ऑल विजेता जेसीडी मेमोरियल कॉलेज रहा जबकि रनरअप जेसीडी डेंटल कॉलेज रहा। तीसरे नंबर पर जेसीडी कॉलेज ऑफ एजूकेशन रहा।
दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में मुख्यातिथि अर्जुन अवॉर्डी बॉक्सर राजकुमार सांगवान थे जबकि अध्यक्षता जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने की। विशिष्ट अतिथियों में सीडीएलयू से प्रोफेसर डॉ. ईश्वर मलिक, विनोद बैनीवाल, कश्मीर सिंह करीवाला, मंदर सिंह, अमर सिंह व बलदेव सिंह बराड़ मौजूद थे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हरलीन कौर, विद्यापीठ के कुलसचिव डॉ. सुधांशु गुप्ता के अलावा विद्यापीठ के विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य डॉ. अरिंदम सरकार, डॉ. विरेंद्र कुमार, खेल अधिकारी डॉ. अमरीक सिंह गिल, इंजीनियर आरएस बरार आदि शिक्षक मौजूद थे। डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि लक्ष्य पाने का जुनून प्रत्येक परिस्थिति में बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेकर न केवल वे अपने व्यक्तित्त्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं, अपितु इसको अपने जीवनयापन का स्त्रोत भी बना सकते हैं। खेल के माध्यम से हम खिलाड़ी के अच्छे चरित्र का निर्माण कर सकते हैं। मुख्यातिथि राजकुमार सांगवान ने कहा कि विद्यार्थियों को किसी न किसी खेल में जरूर भाग लेना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि खिलाड़ी राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य और देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल को अपनाते हुए हम युवा वर्ग को नशे से दूर ले जा सकते हैं। हार कर जीतने में ही जीवन की सफलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सात्विक भोजन ग्रहण करने व फास्ट एवं जंक फूड से दूर रहने की नसीहत दी। इससे विद्यार्थियों में आगे बढने की प्रवृत्ति जागृत होती है। अंत में मुख्यातिथि व अन्य मेहमानों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# बसंतोत्सव में कला व संस्कृति की झलक : अटल पार्क में किया 21वें बसंतोत्सव का आयोजन

## बच्चों के लिये प्रतियोगिताएं आयोजित



हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया
**करनाल, 23 फरवरी।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा आज स्थानीय अटल पार्क में 21वें बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने रिबन काटकर व गुब्बारे हवा में छोडकर की।
इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बसंतोत्सव रंगों का त्यौहार है। यह बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है देश के विभिन्न हिस्सों में इस उत्सव के नाम भी अलग-अलग होते हैं। यह उत्सव प्रकृति प्रेमी को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके रंग पूरी धरती को रंग बिरंगा कर देते हैं। मनुष्य ही नहीं पक्षी भी धरती के इस सौन्दर्य का आनंद लेते हैं। उत्सव के धार्मिक पहलू भी है, जिनके अनुसार देश के अलग-अलग राज्य में मां सरस्वती की आराधना करते हुए इस उत्सव को ज्ञान व विद्या से भी जोड़ा गया है। उन्होंने लोगों से प्रकृति से प्रेम करने और अधिकाधिक पौधे लगाकर धरती का सौन्दर्य बनाए रखने की अपील की।

**मुख्य आकर्षण**
इस मौके पर अटल पार्क को फूलों से सज्जा देखकर हर कोई आकर्षित हो रहा था। चारों ओर फूलों की महक थी, रंग-बिरंगे फूल पार्क के सौन्दर्य को बढ़ा रहे थे। इस उत्सव में फूलों के रंगों के साथ-साथ कला और संस्कृति के रंग भी भरे गए। बच्चों ने पेंटिग, रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। नगाड़ा व बीन पार्टी, कच्ची घोड़ी, राजस्थानी नृत्य तथा गतका ने भी संस्कृति से जुड? का संदेश दिया। बहरूपिए के तौर पर उत्सव में शामिल लंगूर बंदर, मोटू-पतलू, जिन्न और रावण बच्चों के लिये आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चे इनके साथ सैल्फी लेने के लिए उत्सुक थे। बठिंडा की बाजीगर पार्टी ने हैरतंगेज करतब दिखाए।

**शमिन्द्र शम्मी ने बांधा समां**
बसंतोत्सव मौके पर पंजाबी कलाकार शमिन्द्र शम्मी ने शानदार गायकी की प्रस्तुति देकर इस उत्सव में चार-चांद लगाए। मुख्यातिथि सहित सभी ने उनकी प्रस्तुति पर तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर जिम्रास्टिक वर्ल्ड आकादमी के बच्चों ने देश-भक्ति पर आधारित हैरतअंगेज प्रस्तुति दी।

**फ्लावर शो का उदघाटन:**
अतिरिक्त उपायुक्त यश जालूका ने फ्लावर शो का उद्घाटन के बाद फूलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसमें पेटूनिया, डाहलिया, मैरी गोल्ड, शाल्विया, डॉक फ्लावर, कैमिलिया, बैली फ्लावर, गैरानियम, सन फ्लावर सहित फूलों की अनेक खूबसूरत किस्में प्रदर्शित की गईं। इसके साथ-साथ सजावट वाले पौधों में फिकस, बोटल ब्रश, क्रोटोन, डबल चांदनी, स्नेक प्लांट, मोगरा सहित अन्य पौधे उत्सव का आकर्षण बने।
इस मौके पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधीक्षक अभियंता अशोक राणा, कार्यकारी अभियंता डॉ. निधि भारद्वाज, धर्मबीर, एसडीओ कुलदीप, कमलदीप, दिनेश काम्बोज, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स यूनियन ने हरियाणा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन




हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
**तोशाम, 23 फरवरी।** रविवार को आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स यूनियन ने हरियाणा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान निर्मला हसन तथा मंच संचालन मंजू गारनपुरा ने किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला प्रधान राजबाला निनान, जिला सचिव राजबाला शर्मा, सीटू की जिला सह सचिव रत्न जिंदल ने भाग लिया।
इस दौरान प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राजबाला खानक ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों में आधुनिक टैब दिए जाएं, 3जी डाटा की जगह 5 जी डाटा दिया जाए, अधिकारी वर्कर्स और हेल्पर्स का उत्पीड़न बंद करें, राशन की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए, आंदोलन के दौरान भाग लेने वाली वर्कर्स और हेल्पर्स का मानदेय जारी किया जाए। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान विजयवीर नैन, ब्लॉक सचिव राजेश दूल्हेड़ी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सह सचिव महावीर शर्मा, सीटू की राज्य पदाधिकारी सुदेश रिवासा, दर्शना, बिमला, सुनीता, गुड्डी, निर्मला सरल, प्रेम बवानीखेड़ा आदि उपस्थित थे।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन को मिला 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' का पुरस्कार




हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
**हिसार, 23 फरवरी।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स में प्रतिष्ठित 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है।
श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा।
श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।
यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है।.
अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।

## टाटा एआईए लाइफ का नया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड

TATA AIA LIFE INSURANCE

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
**हिसार, 23 फरवरी।** आज के दौर में रिटायरमेंट के इच्छुक लोग वित्तीय स्वतंत्रता की नयी परिभाषा रच रहे हैं, ऐसे समाधान खोज रहे हैं जो उनकी बदलती जीवनशैली, करियर की महत्वाकांक्षाओं और धन को लेकर दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा कर सकें। चाहे वह ऋकफए (वित्तीय स्वतंत्रता, जल्दी रिटायरमेंट) पीढ़ी हो, करियर में बदलाव करने वाले पेशेवर हों या अपने उद्यम शुरू करने वाले उद्यमी हों, वे ऐसे निवेश के तरीके चाहते हैं, जो वित्तीय सुरक्षा और धन बनाने के अवसर प्रदान करें। लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ रही है और डिजिटल पहुंच निवेश को सरल बना रही है, साथ ही नए, लचीले और विकास को बढ़ावा देने वाले रिटायरमेंट समाधानों की जरूरत बढ़ती जा रही है। यहीं पर अगली पीढ़ी के वित्तीय उत्पाद, जैसे कि टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) का नया एनएफओ, मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड काम आता है। लोगों को बाजार से जुड़े, स्मार्ट समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखते हुए एक मजबूत रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने में मदद करते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के मुख्य निवेश अधिकारी श्री हर्षद पाटील ने कहा, आज रिटायरमेंटप्लानिंग के लिए एक बेहतर, अधिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड उन निवेशकों के लिए बनाया गया है जो अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि से लाभ उठाना चाहते हैं। गति और गुणवत्तापूर्ण निवेश को मिलाकर, हमारा लक्ष्य जोखिम को बेहतर समायोजित करते हुए रिटर्न प्रदान करना है, जिससे हमारे पॉलिसीधारकों को अपने सेवानिवृत्ति के वर्षों में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सके।
यह फंड रिटायरमेंट प्लानर्स के लिए एक आदर्श विकल्प क्यों है? रिटायरमेंट प्लानिंग का मतलब सिर्फ बचत करना नहीं है, बल्कि जोखिमों का प्रबंधन करते हुए अपनी संपत्ति बढ़ाना भी रिटायरमेंट प्लानिंग में शामिल होना चाहिए। टाटा एआईए का नया फंड क्वांट-आधारित निवेश रणनीति के जरिए पोर्टफोलियो स्थिरता सुनिश्चित करते हुए बाजार विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है।

# नशे के कारण अप्रत्यक्ष सजा भुगत रही हैं बेटियां: राकेश आर्य



हरियाणा वाटिका/अमित वालिया
**लोहारू, 23 फरवरी।** नशा केवल नशा करने वाले व्यक्ति की जिंदगी बर्बाद नहीं करता बल्कि पूरे परिवार को दुखों में डुबो देता है। सबसे ज्यादा दुख शराबी लडकों से शादी करने वाली लडकीयों को भोगने पड़ते हैं। हर मां-बाप को बेटी की शादी से पहले यह जानना चाहिए कि कहीं लडका नशा तो नहीं करता। नशा करने वाले लडकों से शादी से इन्कार करना लड़कियों का अधिकार है। यह बात राजकीय महिला महाविद्यालय लोहारू में चल रहे विशेष एनएसएस शिविर के दौरान नशामुक्ति परिषद लोहारू के संस्थापक राकेश आर्य ने कही।
उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर रविवार को शिविर में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि ऋषिवर का एकमात्र उद्घोष था कि वेदों कि ओर लोटो। उन्होंने कहा कि आज जागरूकता के अभाव में कहीं लड़कियां कहीं लव जिहाद के शिकार हो रही हैं तो कहीं कन्या भ्रूण हत्या जैसे पाप की घटनाएं सामने आ रही है। युवा लडके भी नशे और अपराध की ओर जा रहे हैं। इन सब का एक ही समाधान है और वह है वेद मार्ग अपनाना। वेद का मतलब ही ज्ञान होता है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज सदैव नशे के खिलाफ लड़ता रहा है। आगामी नए शैक्षणिक सत्र में अप्रैल से नशामुक्ति परिषद लोहारू स्कूल कॉलेजों में एक विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाने के लिए तैयार है। राकेश आर्य का मानना है की माता-पिता गुरुजन और सामाजिक गणमान्य लोगों की लापरवाही के कारण युवा बच्चे बुराइयों की तरफ जा रहे हैं। शिविर में उपस्थित सभी छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्या एक महापाप न करने की प्रतिज्ञा करवाई गई।

# लोहारू नगरपालिका चुनाव: जातीय समीकरण में उलझता नजर आ रहा है लोहारू नपा चेयरमैन का चुनाव

## -मजबूत लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी, चेयरमैन पद के लिए 17 दावेदार, किसी एक के सजेगा लोहारू का ताज

**अमित वालिया, लोहारू**
लोहारू नगरपालिका का चुनाव जैसे-जैसे 2 मार्च की ओर आगे बढ़ रहा है सभी प्रत्याशियों की धडकनें तेज होती जा रही हैं। भले ही चुनाव रोचक बना हुआ है परंतु पूरा का पूरा चुनाव जातीय रंग में रंग चुका है जो एक स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी भी है। हालांकि चेयरमैन पद के दावेदार सभी 17 प्रत्याशी इस बात को सिरे से खारिज कर रहे हैं कि चुनाव में जातीय रंग भी आ गया है। बता दें कि लोहारू में सैनी समाज, नायक समाज, खटीक समाज व प्रजापति समाज के मतदाता अधिक हैं। इस बार चुनाव मैदान में सैनी समाज से चेयरमैन पद के लिए कुल 7 प्रत्याशी व खटीक समाज से केवल एक ही प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। नायक समाज व पंजाबी समाज से एक एक व महाजन समाज से तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जबकि ब्राह्मण समाज से चेयरमैन पद का कोई भी दावेदार नहीं हैं। ऐसे में ब्राह्मण समाज का वोट इन चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। हालांकि भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज अभी चुप्पी साधे हुए हैं उन्होंने किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में अपने पत्ते नहीं खोले हैं। यह फैक्टर भी चेयरमैन पद के दावेदारों के लिए जी का जंजाल बन गया है ऐसे में सभी ने अकेले चलो के रास्ते का अपनाकर अपना चुनाव प्रचार जारी किया हुआ है।
उल्लेखनीय है कि आगामी 2 मार्च को होने वाले नपा चुनाव प्रचार के जोर पकड़ने के साथ ही नगर की राजनीतिक हलचलें बढ़ गई है तथा अब रोजाना अनेकों अनेक रोचक तथ्य सामने आ रहे हैं। जहां कहीं भी दो से ज्यादा लोग इक्कठे होते है वहीं चुनावी चचाओं का दौर शुरू हो जाता है। नपा चुनाव को लेकर एक ही परिवार के कई गुट बने हुए नजर आ रहे है। चुनावी चचाओं में अब एक ही परिवार के वोटर अलग-अलग धड़ों में बंटे नजर आ रहे है। हालात यह है कि पिता किसी को समर्थन कर रहा है तो बेटे अलग-अलग उम्मीदवारों को।
यदि चुनाव में हाल का जातीय समीकरण हावी रहा तो मुख्य रूप से मुकाबला सैनी, खटीक, महाजन व नायक समाज के बीच होने वाला है। सभी समाज के लोग अपने का मजबूत बता रहे हैं तथा ज्यादा मजबूत उम्मीदवार अपने समाज के प्रत्याशियों को अपने पाले में लाने के लिए रात दिन एक करने में लगे हुए हैं। इस बार के सीधे चेयरमैन के चुनाव में इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि इस बार के चुनाव परिवारों में आपसी भेदभाव का जन्म दे रहे हैं जो भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। लोहारू नगर में प्रधान पद के 17 उम्मीदवार मैदान में है तथा सभी उम्मीदवार मतदाताओं व उनके परिवार में किसी न किसी से दोस्ती रखते है। ऐसे में नपा चुनाव अबकी बार काफी रोचक होने जा रहा है।

लोहारू नपा चुनाव के लिए अबकी बार चेयरमैन का सीधा चुनाव होने जा रहा है। चेयरमैन के लिए अब पार्षदों के समर्थन की जरूरत नहीं होगी। गत नपा चुनाव में उम्मीदवारों ने चुनाव कार्यालय नहीं खोले थे लेकिन इस बार चेयरमैन व पार्षद पद के उम्मीदवार चुनाव कार्यालय खोल रहे है। प्रधान पद का सीधा मुकाबला होने से उम्मीदवारों में नया जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसे में चुनावी माहौल धीरे धीरे जोर पकड़ रहा है। चुनाव प्रचार सामग्री को लेकर भी होड़ लगी हुई है। अनेक उम्मीदवार सोशल मीडिया पर प्रचार में लगे है परंतु किसी भी प्रत्याशी ने लोहारू के विकास का रोडमैप का वीजन लोहारू की जनता के बीच नहीं रखा है जो बात भी को खटक रही है।

नपा चुनाव में इस बार कुल 11075 मतदाता चेयरमैन व 14 वार्डो के पार्षदों का चुनाव करेंगे। नपा चेयरमैन के लिए 17 उम्मीदवार व 14 वार्डों के लिए 36 दावेदार चुनाव मैदान में है। चेयरमैन पद के लिए जातीय समीकरण किसी भी उम्मीदवार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नगर में सैनी समाज की बहुलता है, परंतु सैनी समाज से अधिक उम्मीदवार सामने होने से सैनी समाज के वोट में बिखराव होगा, यह तय है। ऐसे में सैनी समाज का दावा चेयरमैन पद के लिए काफी कमजोर पड़ रहा है। लोहारू नगर पालिका के लिए कुल मतदाता 11075 हैं जिनमें 5759 पुरुष मतदाता तथा 5315 महिला मतदाता शामिल हैं। धरातल की बात की जाए तो प्रजापति समाज व खटीक समाज का गठजोड़ हो चुका है ऐसे में ये दोनों समाज पूरे के पूरे चुनाव में हावी नजर आ रहे हैं।

यदि लोहारू के पहले के 13 वार्डों के विकास कार्यों की स्थिति का देखा जाए तो सभी वार्डों की अपनी-अपनी समस्याएं हैं। सिवरेज सफाई, नालियों के गंदे पानी की निकासी, टूटी हुई नालियां, सडक से ऊपर उठे हुए मैन हॉल, रात्रि के समय उचित प्रकाश की व्यवस्था, टूटी हुई सडकें, सफाई व्यवस्था आदि बहुत सी समस्याएं हैं जो कहीं न कहीं लोहारू की जनता पूर्व चेयरमैन व पार्षदों को कौसती नजर आ रही है। लोग दबी जुबान से कह रहे हैं कि सभी प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं परंतु अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने लोहारू की जनता को लोहारू के विकास का वीजन नहीं दिया है।

हरियाणा वाटिका
Email- haryanavatika@gmail.com



## संपादक की कलम से

## भागवत की हिन्दू एकता से ही विश्वगुरु बन सकेंगे

हिंदू एकता ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का ह्यह्यजिम्मेदारह्लह्ल समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत। उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। इन तीन सोपानों के आधार पर वे महत्ता के ऊंचे शिखर पर आरूढ़ हो गए। उन्होंने हिंदुत्व की नयी व्याख्याएं दी हैं और उनका ताजा उद्बोधन हिन्दू एकता की नई व्याख्या करते हुए न केवल देश को मजबूत बना रहा है बल्कि भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। यह सवेर्षां अविरोधेन् है। हिन्दू के लिए सारा विश्व एक कुटुम्ब है। हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम् को मानता है।

भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है। यद्यपि भारत आज आजाद है; पर हिन्दू समाज आज भी आजाद नहीं है। हिन्दू की गुलामी को दूर करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसके लिये सभी हिन्दुओं को अपनी जाति, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय व राजनीतिक दलों के भेदभाव को भूलकर हिन्दू के रूप में एक छत के नीचे आना आवश्यक है तभी हम अपने देश को एक रख पायेंगे और देश की आजादी की रक्षा कर पायेंगे। मोहन भागवत ने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा, भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है? यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को स्वीकार करके फलता-फूलता है। हम कहते हैं ह्यविविधता में एकताह्ल, लेकिन हिंदू समाज समझता है कि विविधता ही एकता है। भागवत ने जिस सत्य को उजागर किया है, वह हजारों साल पहले भी सत्य था और आज भी उतना ही सत्य है। बल्कि नई परिस्थितियों एवं राजनीतिक स्थितियों के साथ उसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ी है। क्योंकि भारत से निकले सभी संप्रदायों का जो सामूहिक मूल्यबोध है, उसका नाम ह्यहिंदुत्वह्ल है। इसलिए संघ हिंदू समाज को संगठित, अजेय और सामर्थ्य-संपन्न बनाना चाहता है। इस कार्य को संपूर्णता तक पहुंचाना ही संघ का उद्देश्य है।

भागवत ने कहा कि भारत में कोई भी सम्राटों और महाराजाओं को याद नहीं करता, बल्कि एक ऐसे राजा को याद करता है जो अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 साल के वनवास पर चला गया-यह स्पष्ट रूप से भगवान श्रीराम का संदर्भ था, और वह व्यक्ति जिसने अपने भाई की पादुकाएं सिंहासन पर रखीं, और जिसने वापस आने पर राज्य सौंप दिया, यह था भरत का समर्पण। हिन्दू धर्म के भगवद गीता, रामायण, महाभारत, और वेद जैसे शास्त्रों एवं ग्रंथों से ऐसे ही नैतिक मूल्यों, मानवता और जीवन के उच्चतम आदर्शों का संदेश मिलता है, इसलिये हिन्दू समाज की एकता जरूरी है।

हिन्दू एकता भारत की आत्मा को जाग्रत करेगी। भारत का स्वाभिमान, आध्यात्मिकता और ऋषियों का ज्ञान वापस आयेगा। परिणामस्वरूप देश से भ्रष्टाचार, हिंसा और अनैतिकता दूर होने के रास्ते खुलेंगे। भारत पुनः जगद्गुरु के रूप में विश्व का मार्गदर्शक बनेगा। हमारे शत्रु भी हमसे मित्रता करने के लिए हाथ बढ़ायेंगे। इन सब स्थितियों को देखते हुए हिन्दू एकता एवं उसको संगठित करना जरूरी है, इसके लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास एक रोशनी है, एक ताकत है।

संघ और हिंदुत्व को लेकर अक्सर उद्देश्यहीन, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचनाएं होती रही हैं लेकिन इस तरह की नीति के द्वारा किसी का हित सधता हो, तो ऐसा प्रतीत नहीं होता तथा न ही उससे संघ पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संघ की ऐसी आलोचना करने वाले समय, शक्ति और अर्थ का अपव्यय करते हैं तथा अपनी बुद्धि के दिवालियापन को उजागर करते हैं। संघ न केवल देश बल्कि दुनिया का बहुचर्चित एवं सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। जो बहुचर्चित होता है उसका विरोध भी होता है। निरूद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी विचारधाराओं एवं संगठनों की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का स्वयंभू प्रमाण बन जाता है। संघ एवं मोहन भागवत की आलोचना करने वाले तथा उनके व्यक्तित्व पर कीचड़ उछालने वाले लोग एवं संगठन स्वयं को कमजोर अनुभव करते हुए भी समाज एवं राष्ट्र में प्रतिष्ठित होना चाहते हैं, वे ही ऐसी आलोचना करते हैं।

## आशा

निराश होना नहीं समस्या का हल,
जीवन को धकेलती पीछे देती दखल,
यह तो होता है अंधेरा,
आशा ही जीवन का सवेरा,
सकारात्मक भाव करती है उत्पन्न,
महक जाता है अगर खुश हो मन,
पलट जाता है हार का पासा
बना कर रखना जीवन में आशा।
विपरीत परिस्थितियों होती जैसे भंवर,
इंसान न घबराए तो जाता जीवन संवर,
आशा के साथ करे जो परिश्रम,
मान लेता वही कर्म को धर्म,
आशा की किरण अंधेरे को देती है चीर,
संघर्षों से उलझने वाला ही होता वीर,
अनमोल है जीवन छोड़ तमाशा,
बना कर रखना जीवन में आशा।

बढ़ाते हैं जो कदम होकर खबरदार,
हल्की बातें नहीं बल्कि होती वजनदार,
घबरा कर तो बना बनाया बिगड़ जाता काम,
जिंदगी को न समझ लेना आराम,
कहां जीवन भर कर्म से छुटकारा,
पछताते फिरते हैं नकारा,
जिंदगी से प्यार हो बेहताशा,
बना कर रखना जीवन में आशा।
पत्थर रेत पेड़ होते नदी किनारे,
कई जीवों का जीवन उसी के सहारे,
पकड़ कर रखे जो आशा की डोर,
फिर नहीं जरूरत मचाने को छोर,
भले ही दबे हो उबरने की रखो शक्ति,
लक्ष्य कर निर्धारित रहे जारी भक्ति,
ज्ञान संपदा होगी एकत्रित अच्छी खासा,
बना कर रखना जीवन में आशा।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

# सामाजिक न्याय की पिच पर नई सोशल इंजीनियरिंग अपेक्षित

-: ललित गर्ग:-



विश्व सामाजिक न्याय दिवस सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की आवश्यकता को पहचानने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसमें गरीबी, लैंगिक असमानता, महंगाई, महिला अत्याचार, बेरोजगारी, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयास शामिल हैं। यह दिवस प्रतिवर्ष 20 फरवरी को मनाया जाता है और यह आयोजन हर साल हमें अधिक निष्पक्ष, अधिक न्यायसंगत, अधिक समान, अधिक मानवीय समाज बनाने की आवश्यकता की याद दिलाना। इसका उद्देश्य हमें यह पहचानने में मदद करना है कि मनुष्य के रूप में हमने जितनी भी प्रगति की है, उसके बावजूद कई बाधाएं अधिसंख्य लोगों को एक निष्पक्ष एवं समानतापूर्ण जीवन जीने से रोकती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है ह्यसमावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतराल को पाटनाह्ल। थीम प्रणालीगत असमानता को दूर करने में समावेशी नीतियों, निरंतर सीखने और सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। इसे पहली बार साल 2009 में मनाया गया था। दुनिया में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए आज सामाजिक न्याय की जितनी जरूरत है उतनी पहले शायद पहले नहीं थी। दुनिया में राजनैतिक विभाजन पहले से अधिक हो रहा है एवं समुदायों में असुरक्षा ज्यादा बढ़ती दिख रही है। हम सब मिलकर जाति-धर्म, गरीबी- अमीरी, वंश-वर्ग आदि सारे भेदभाव को भुलाकर एक स्वस्थ एवं आदर्श समाज की स्थापना करें और मानव अधिकारों का सम्मान करें, यही इस दिवस का मूल उद्देश्य है। सामाजिक न्याय की पिच पर ही नई सोशल इंजीनियरिंग तैयार हो सकती है।

यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो आज अधिक प्रासंगिक है। इस संदर्भ में निष्पक्षता का अर्थ है शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, न्याय और अन्य के समान मानकों तक समान पहुंच। सभी की इन चीजों के समान मानकों तक समान पहुंच होनी चाहिए, चाहे उनकी जाति, धर्म, लैंगिकता, लिंग या वर्ग कुछ भी हो। विश्व सामाजिक न्याय का मतलब है, ऐसा समाज बनाना जहां सभी लोगों को समान अधिकार, अवसर और व्यवहार मिलें। सामाजिक न्याय के जरिए समाज की आर्थिक और सामाजिक विषमताओं को कम करने की कोशिश की जाती है और सभी नागरिकों को सामाजिक समानता देने के प्रयास किये जाते हैं। समाज की सामान्य भलाई के लिए दूसरों की देखभाल एवं सहायता करने की जिम्मेदारी और सभी को अपनी जिंदगी में सुधार करने के लिए समान अवसर मिले, इसके लिये यह दिवस एक आह्वान है। सामाजिक न्याय की आकांक्षा, यह सुनिश्चित करती है कि हर कामकाजी पुरुष और महिला को अपने योगदान के मुताबिक उचित हिस्सा मिले, जो सामाजिक न्याय, सामाजिक एकजुटता, आर्थिक विकास, और मानव प्रगति के लिए जरूरी है।

विश्व सामाजिक न्याय दिवस को सफल बनाने के लिए कई देश एक साथ मिलकर बेरोजगारी, गरीबी, जाति भेदभाव, लिंग और धर्म के नाम पर बंटे लोगों को एकजुट करने की कोशिश करते हैं। भारत में भी सदियों से लोगों को समान अधिकार देने का विधान रहा है। इसके लिए भारतीय संविधान में सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए कई प्रावधान हैं। समाज में यह जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि सभी एक हैं और किसी में भी कोई भेदभाव नहीं देखना चाहिए। भारत सरकार भी कई योजनाएं चला रही हैं। एक विचार के रूप में सामाजिक न्याय की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। इसके मुताबिक किसी के साथ सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। हर किसी के पास इतने न्यूनतम संसाधन होने चाहिए कि वे ह्यउत्तम जीवनह्ल की अपनी संकल्पना को धरती पर उतार पाएँ। विकसित हों या विकासशील, दोनों ही तरह के देशों में राजनीतिक सिद्धांत के दायरे में सामाजिक न्याय की इस अवधारणा और उससे जुड़ी अभिव्यक्तियों का प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है। भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय का नारा वंचित समूहों की राजनीतिक गोलबंदी का एक प्रमुख आधार रहा है। उदारतावादी मानकीय राजनीतिक सिद्धांत में उदारतावादी-समतावाद से आगे बढ़ते हुए सामाजिक न्याय के सिद्धांतीकरण में कई आयाम जुड़ते गये हैं। मसलन, अल्पसंख्यक अधिकार, बहुसंस्कृतिवाद, मूल निवासियों के अधिकार आदि। इसी तरह, नारीवाद के दायरे में स्त्रियों के अधिकारों को लेकर भी विभिन्न स्तरों पर सिद्धांतीकरण हुआ है और स्त्री-सशक्तीकरण के मुद्दों को उनके सामाजिक न्याय से जोड़ कर देखा जाने लगा है।

अनेक असमानताओं, आग्रहों, समस्याओं के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में सामाजिक न्याय के उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, नयी-नयी योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार का सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को समाज के वंचित एवं हाशिए पर पड़े वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों आदि के कल्याण, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण का दायित्व सौंपा गया है। मोदी ने कहा भी है कि सामाजिक न्याय, तुष्टिकरण से नहीं, संतुष्टिकरण से आता है। सरकार के द्वारा कई योजनाएं के अंतर्गत लोगों को समान अधिकार देने की कोशिश की जा रही है। साथ ही समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव, ऊंचनीच को जड़ से समाप्त करते हुए इससे समस्त समाज का एकसाथ विकास का प्रयास हो रहा है।

हम जिस लोकतंत्र में जी रहे हैं वह लोक-समानता का लोकतंत्र है या लोक-विभेद का? हम जो स्वतंत्रता भोग रहे हैं वह समानता की स्वतंत्रता है या अराजक एवं असमानता की? हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि ह्ययह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैं।ह्ल रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि ह्यमनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून है।ह्ल लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है। सामाजिक न्याय के लिए सामाजिक एकता भंग नहीं की जा सकती। नहीं तो फिर रह क्या जाएगा हमारे पास। टमाटर, प्याज के आसमान छूते भाव- प्रतिदिन कोई न कोई कारण महंगाई को बढ़ाकर हम सबको और धक्का लगा जाता है और कोई न कोई टैक्स, अधिभार हमारी आय को और संकुचित कर जाता है। जानलेवा प्रदूषण ने लोगों की सांसों को बाधित कर दिया, लेकिन हम किसी सम्यक समाधान की बजाय नये नियम एवं कानून थोप कर जीवन को अधिक जटिल बना रहे हैं। सामाजिक न्याय व्यवस्था तभी सार्थक है जब आम जनता निष्कंटक एवं समस्यामुक्त समानता का जीवन जी सके।

सरकारों के पास शक्ति के कई स्त्रोत है, लेकिन इस शक्ति से कितनों का कल्याण हो रहा है? कैसा विचित्र लोकतंत्र है जिसमें नेता एवं नौकरशाहों का एक संयुक्त संस्करण केवल इस बात के लिये बना है कि न्याय की मांग का जबाव कितने अन्यायपूर्ण तरीके से दिया जा सके। महंगाई के विरोध का जबाव महंगाई बढ़ा कर दो, रोजगार की मांग का जबाव नयी नौकरियों की बजाय नौकरियों में छंटनी करके दो, कानून व्यवस्था की मांग का जबाव विरोध को कुचल कर आंसू गैस, जल-तोप और लाटी-गोली से दो। नेता एवं नौकरशाह केवल खुद की ही न सोचें, अपने परिवार की ही न सोचें, जाति की ही न सोचें, पार्टी की ही न सोचें, राष्ट्र की भी सोचें, सम्पूर्ण मानवता की सोचें। क्या हम लोकतंत्र को अराजकता की ओर धकेलना चाह रहे हैं? नेतृत्व आज चुनौतीभरा अवश्य है, विकास का मंत्र भी आकर्षक है।

# हरियाणा की डायरी

## सचिवालय में मधुमक्खियों का हमला



प्रस्तुतिःचंद्र शेखर धरणी
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार

हरियाणा के मेन सचिवालय में हाल ही में मधुमक्खियों द्वारा कुछ लोगों पर हमला बोल दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष के निजी सचिव नन्द किशोर व कुछ सुरक्षा कर्मी इस हमले का शिकार बने।नंदकिशोर हरियाणा सचिवालय से अपने कार्य निपटा वापिस जा रहे थे।जब मधुमक्खियों द्वारा हमला बोला गया।वहां खड़े सुरक्षा कर्मियों द्वारा उन्हें कोई कपड़ा भी दिया गया जिससे वह अपने चेहरे का बचाव कर सकें।वह बचने के लिए जमीन पर ही बैठ गए।मधुमक्खियों से किसी तरह बचा वहां तैनात कर्मियों ने उन्हें कुछ देर बाद गाड़ी में बिठा निकाला।तब तक मधुमक्खियों ने उन्हें कई जगह काट लिया थे।उन्हें तुरंत एम एल ए हॉस्टल की डिस्पेंसरी भी ले जाया गया।जहां उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई।अब भी कई बड़े बड़े छतै मधुमक्खियों की सचिवालय में लगे हुए है।वहां आने जाने वालों को इंतजार है कि प्रशाशन इन को उतरवा राहत दे जिससे कि इस घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### कृष्ण बेदी का ज्योतिष ज्ञान

केबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी हाल ही में टोहाना गए।उन्होंने वहां सार्वजनिक रूप से अपने ज्योतिष ज्ञान की चर्चा की।पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली को एक बेहतरीन व्यक्ति बताया।उन्होंने बताया कि जब बबली मंत्री बने तो उन्हें नौवीं मंजिल पर रूम मिला।मगर किसी की सलाह पर वह छठी मंजिल चले गए।तब वह सी एम के राजनीतिक सचिव थे।उन्होंने तब बबली को कहा था कि मंत्री के रूप में रूम बदलने को छोड़ लक्की अनलकी की बात छोड़ कर जनता की सेवा करें।प्रभु ने अब उन्हें मौका दिया है।मगर वह नहीं माने। आखिर लक्की अनलकी के चक्कर में उलझने से वह नहीं माने।

### रस्तोगी दूसरी बार बने सी एस

अनुराग रस्तोगी हरियाणा के दूसरी बार सी एस यानी चीफ सैक्ट्री बने हैं।उन्होंने निवर्तमान सी एस विवेक जोशी की जगह ली। पूर्व मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी अब भारतीय निर्वाचन आयोग में निर्वाचन आयुक्त हुए हैं। 1989 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी विवेक जोशी ने पिछले साल एक नवंबर को केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद हरियाणा के मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला था। अनुराग रस्तोगी 30 को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। लंबे समय तक केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर रहे विवेक जोशी हरियाणा के मुख्य सचिव बनने से पहले केंद्रीय वित्त मंत्रालय में सचिव पद की जिम्मेदारी उठाने के बाद कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

### अमेरिका से डिपोर्ट हुए हरियाणवी युवाओं पर दिग्विजय चिंतित

जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने अमेरिका से डिपोर्ट हुए हरियाणवी युवाओं के विषय को बेहद चिंताजनक व गंभीर बताया और कहा कि सरकार को हरियाणा में युवाओं को रोजगार देने के लिए बेहतर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे युवा रोजगार की तलाश में विदेश की ओर रूख कर रहे है। दिग्विजय ने कहा कि अपनी जमीन बेचकर लाखों रुपए लगाकर गए युवाओं का अमेरिका में हथकड़ियां लगाकर अपमान हुआ और ऊपर से राज्य सरकार द्वारा कैदियों की बस भेजना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि आज पीड़ित युवाओं को पुलिस जांच का भी सामना करना पड़ रहा है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि रोजगार को लेकर हरियाणा में युवाओं को भटकना न पड़े, इसलिए भाजपा सरकार को गंभीर होना पड़ेगा और मौजूदा सरकार को पूर्व गठबंधन सरकार के दौरान बनाए गए 75 प्रतिशत रोजगार कानून को लागू करवाने के लिए तुरंत विचार करना चाहिए।

### कांग्रेस की गुटबाजी पर बी एल सैनी गए भाजपा में

बी.एल. सैनी के बीजेपी में आने से पार्टी को कितना फायदा होगा, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन जिस तरह से वह नगर निगम चुनाव में आक्रामक रणनीति अपनाते हुए भाजपा में आए, उससे साफ है कि कांग्रेस की गुटबाजी से वह बेहद पीड़ित थे ।आगामी चुनावों में यह बड़ा राजनीतिक समीकरण साबित हो सकता है।सीएम नायब सैनी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होने वाले बी.एल. सैनी कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद बोले कि- अब समय भाजपा का है।कांग्रेस से हाल ही में विधानसभा चुनाव हारने के बाद बी.एल. सैनी की नाराजगी खुलकर सामने आई थी और अब उन्होंने भाजपा में जाने का ऐलान कर दिया है।

### हरियाणा पुलिस के इंडियन रिजर्व बटालियन कर्मचारियों में निराशा

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा पुलिस के इंडियन रिजर्व बटालियन कर्मचारियों को इंस्पेक्टर पद के लिए प्रमोशन सूची में शामिल करने की मांग को खारिज कर दिया। हरियाणा पुलिस के इंडियन रिजर्व बटालियन कर्मियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की थी कि उन्हें अन्य पुलिस विंग जैसे हरियाणा आर्म्ड पुलिस और कमांडो बल की तरह इंस्पेक्टर पद की पदोन्नति में शामिल किया जाए। उनका तर्क था कि उन्हें अन्य पुलिसकर्मियों के साथ समान ट्रेनिंग दी जाती है और वे समान कार्य करते हैं, इसलिए उन्हें भी समान पदोन्नति का लाभ मिलना चाहिए।

हरियाणा सरकार ने कोर्ट में तर्क दिया कि इंडियन रिजर्व बटालियन एक विशेष बटालियन है, जिसे केंद्र सरकार के निर्देशों पर बनाया गया था। इसके कर्मियों की भर्ती और ट्रेनिंग में केंद्रीय बलों का भी योगदान होता है और उन्हें पूरे देश में तैनात किया जा सकता है। इसके विपरीत, हरियाणा पुलिस के अन्य कैडर पूरी तरह से राज्य सरकार के अधीन होते हैं और उनकी नियुक्ति, प्रशिक्षण और पदोन्नति हरियाणा सरकार के नियमों के तहत होती है।कोर्ट ने यह मानते हुए कि इंडियन रिजर्व बटालियन कर्मियों की भर्ती, प्रशिक्षण और तैनाती की प्रक्रिया हरियाणा पुलिस के अन्य कैडरों से अलग है, उनकी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास यह अधिकार है कि वह अपनी प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार अलग-अलग कैडर बनाए और उनके लिए अलग नियम लागू करे। इस फैसले से हरियाणा पुलिस के इंडियन रिजर्व बटालियन कर्मियों को अब इंस्पेक्टर पद के लिए सामान्य पुलिस बल के साथ पदोन्नति में शामिल होने का अधिकार नहीं मिलेगा। उन्हें अपनी ही कैडर संरचना में पदोन्नति मिलेगी।

### जब दिल्ली की सी एम ने सैनी से आशीर्वाद लिया

दिल्ली की नई बनी सी एम रेखा गुप्ता ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ जहां शपथ ग्रहण समारोह में वी यानि विक्ट्री का साइन बनाया वहीं नायब सैनी का हाथ अपने सिर पर रखकर आशीर्वाद का हाथ भी रखवाया।रेखा का नाता हरियाणा के जींद से है।रेखा को बधाईयां देने वालों में हरियाणा के पूर्व सी एम भूपिंदर सिंह हुड्डा भी शामिल है। हरियाणा भाजपा के दिग्गज नेता व राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ उनकी चयन प्रक्रिया के अहम हिस्सा बने।दिल्ली का गणित समझने वाले मानते हैं कि रेखा से पहले दिल्ली के दो अन्य सी एम भी हरियाणा से बने हैं,अरविंद केजरीवाल व सुषमा स्वराज।यानी दिल्ली को हरियाणा से तीसरा मुख्यमंत्री मिला है।

### सुनीता दुग्गल ने कहा सी एम विज साहिब का पूर्ण सम्मान करते हैं

भाजपा की पूर्व एम पी सुनीता दुग्गल ने कहा सी एम विज साहिब का पूर्ण सम्मान करते हैं।उनका झुक कर अभिनंदन करते हैं।विज साहिब हमारे बहुत वरिष्ठ व सम्माननीय नेता है।नोटिस प्रकरण के बाद जब प्रांत के अधिकांश नेता ऐसे बयानों से बचते नजर आते हैं वहीं सुनीता दुग्गल ने पार्टी की एकता मजबूत होने के दावे के साथ यह बयान चर्चा में आने स्वाभाविक हैं।सुनीता दुग्गल सिरसा से भाजपा की सांसद रही हैं व वरिष्ठ नेत्री हैं।सुनीता दुग्गल कुशल वक्ताओं में अग्रणीय हैं।

### अनिल विज की तर्ज पर नायब सैनी

हाल ही में सी एम नायब सैनी को लोगों ने एक एस एच ओ की कार्यप्रणाली व भाषा शैली को लेकर शिकायत की।सैनी ने भी आदेश किए कि एस एच ओ सस्पैंड कर नया तुरंत लगाया जाए व इसके सस्पेंड के ऑर्डर उन्हें भेजे जाएं।अनिल विज की तर्ज पर नायब सैनी की यह वर्किंग देख जहां गदगद हुए वहीं कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि जब विज के पास गृह मंत्रालय था, ऐसी कार्यवाहियों को देखा जाता था।अब हमारे सी एम साहिब भी फॉर्म में आ रहे हैं।

### धनखड़ का सगन

दिल्ली की सी एम रेखा गुप्ता को भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व बड़े नेता ओम प्रकाश धनखड़ द्वारा दिया सगन भी चर्चा का कारण है। हरियाणा की बेटी को अपनी जेब से निकाल धनखड़ द्वारा दिया सगन देना हरियाणा की संस्कृति का हिस्सा भी है।लड़कियों व बेटियों को सगन देना हरियाणा में एक परिवारिक परंपरा का हिस्सा भी कहा जाता है।पूर्व शिक्षा मंत्री राम बिलास शर्मा भी जब मंत्री थे चंडीगढ़ उनकी कोठी पर धरना देने आई महिला टीचर्स को अक्सर जेब से निकाल कुछ न कुछ देते रहे है। हरियाणा के अन्य कई दिग्गज नेता भी ऐसी परम्पराओं को निभाते देखे जाते हैं।

### मीडिया की कहानियां

पूर्व सी एम भूपिंदर सिंह हुड्डा कहते है कि आजकल खोजी पत्रकारिता तो रही है,मीडिया की कहानियां है। वह भाजपा से बढ़ते उनके रिश्तों व पी एम द्वारा पिछले दिनों एक विवाह कार्यक्रम में ली गई चुटकी पर पत्रकारों के सवालों के हाल ही में जवाब दे रहे थे।हुड्डा मझे हुए राजनीतिज्ञ हैं।दो बार हरियाणा के सी एम रहे है।लम्बा अनुभव है।किस बात को हंस कर कैसे टालना है,बेखूबी समझते हैं।मीडिया पर ही प्रश्न दाग दिया कि अब खोजी पत्रकारिता तो रही नहीं।मीडिया कहानियां ही बनाता है।

## नुक्कड़ जागरूकता सभा में परिजनों की सहमति बगैर शादी व लिव इन रिलेशनशिप के बताए दुष्प्रभाव

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**तोशाम, 23 फरवरी।** आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध में पूरी तरह से अंधी हो चुकी है, जिसके चलते वे अपने मूल संस्कृति से दूर होते जा रहे है तथा उनमें संस्कारों का अभाव भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। संस्कारों के अभाव का सबसे बड़ा उदाहरण युवा पीढ़ी द्वारा अपने माता-पिता की सहमति बगैर शादी करना व लिव इन रिलेशनशिप में रहना, जो कि पतन का मुख्य कारण बन रहा है। ऐसे में अपने माता-पिता की सहमति बगैर शादी व लिव इन रिलेशन में रहने के दुष्प्रभाव से अवगत करवाने व इसे सामाजिक बुराई मानते हुए इससे दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा संचालित श्रीमद् भगवद् गीता पढ़ो-पढ़ाओ अभियान के तहत रविवार को गांव जैनावास में जागरूकता नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोदारा ने कहा कि गीता पढ़ो-पढ़ाओ अभियान ऐतिहासिक दृष्टि से प्रामाणिक, सहज तथा दिव्य है, क्योंकि यह भगवदगीता यथारूप पर आधारित है। उन्होंने कहा कि गांवों में इस समय यह अभियान जरूरी है, क्योंकि भगवद् गीता सुखी व शांत जीवन जीने की कला सिखाती है तथा युवा पीढ़ी में संस्कारों का समावेश भी करती है। गोदारा ने कहा कि इन दिनों माता-पिता की सहमति बगैर शादी करना एक ट्रेंड सा हो गया है, क्योंकि बच्चों में वैचारिक भटकाव आ गया है। जिससे ना केवल उनके माता-पिता, बल्कि पुरे समाज में तनाव व्याप्त हो रहा है। गोदारा ने कहा कि इससे बेटियों की पढ़ाई पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है, क्योंकि बहुत से मां-बाप चर्चा करने लगे हैं कि लड़कियों को अधिक पढ़ाना बंद करना होगा। इस स्थिति से निपटने का एकमात्र उपाय भगवद् गीता पढ ?ा है। इस मौके पर गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि इस अभियान के तहत वे रोजाना गांवों में जागरूकता सभाएं आयोजित कर रहे है, ताकि युवा पीढ़ी का ध्यान पाश्चात्य संस्कृति से हटाकर अपनी मूल व गौरवमयी संस्कृति की तरफ लाया जा सकें। उन्होंने परिजनों की सहमति बगैर शादियां ना हो तथा लिव इन रिलेशनशिप कानून वापिस हो, इसके लिए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया हुआ है। जिसकी प्रति प्रधानमंत्री, कानून मंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम अगले सप्ताह से तोशाम एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रचार मन्त्री मास्टर रघुबीर भेरा, मनफुल सिंह जटासरा, मा. जय सिंह, दयानंद, प्रदीप पायल, सुबे सिंह, अमीर सिंह, रतन सिंह, फतेह सिंह, जयबीर, दिलबाग, विनोद शर्मा, जिले सिंह, राजेंद्र एडवोकेट, सुखबीर काजला, राजबीर, राजकुमार, बलबीर, जयप्रकाश, सुधीर, जयलाल, दारा सिंह, सत्यवान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## त्रिभाषा सूत्र लागू करने वाला हरियाणा बना प्रथम राज्य, संस्कृत के अच्छे दिन : प्रोफेसर जयपाल शास्त्री

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**तोशाम, 23 फरवरी।** संस्कृतभारती तथा अन्य संस्कृत प्रेमी संगठनों के प्रयासों से हरियाणा सरकार ने नौवीं 10वीं में संस्कृत को अनिवार्य रूप से पढ़ने का पत्र जारी कर हरियाणा राज्य संस्कृत को अनिवार्य रूप से लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसलिए हरियाणा के मुख्यमंत्री व अन्य सभी संस्कृत प्रेमियों के लिए यह प्रसन्नता का विषय है। जयपाल शास्त्री ने बताया कि संस्कृत भाषा को जन भाषा बनाने के लिए सम्भाषण आन्दोलन का संचालन करने वाली संस्कृतभारती एक विश्व स्तरीय संगठन है। वर्ष 1981 से शुरू हुआ सम्भाषण आन्दोलन अब एक विराट रूप ले चुका है, भारत के सभी राज्यों सहित विश्व के 33 प्रमुख देशों में संस्कृत भारती कार्य कर रही है। सम्भाषण शिबिर, प्रबोधन वर्ग, प्रशिक्षण वर्ग, साप्ताहिक मिलन,संस्कृत ग्राम,संवादशाला, बाल केन्द्र इत्यादि असंख्य गतिविधियों के माध्यम से संस्कृतभारती ने एक करोड़ से अधिक लोगों को संस्कृत सम्भाषण में कुशल बनाया है।

इसी श्रृंखला में संस्कृतभारती 25 वर्षों से हरियाणा में संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। संस्कृतभारती का संगठन हरियाणा में प्रान्त, विभाग, जिला, विकास खण्ड, बस्ती और ग्राम स्तर तक व्यापक है। हरियाणा में प्रतिवर्ष सम्भाषण शिबिर, प्रबोधन वर्ग और प्रशिक्षण वर्ग में हजारों संस्कृत अनुरागी लाभान्वित होते हैं। 21 फरवरी 2025 को मातृभाषा दिवस के उपलक्ष में शिक्षाविभाग हरियाणा ने राज्य में त्रिभाषा सूत्र क्रियान्वयन का आदेश जारी कर दिया है।

संस्कृत भारती के सभी कार्यकताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि इस निर्णय से लाखों बालकों को देववाणी संस्कृत को पढ़ने का अवसर मिलेगा। हरियाणा की यह पावन भूमि वेद, उपनिषद् और गीता के ज्ञान की चिन्तन स्थली है, यहां पर सैंकड़ों गुरुकुल,संस्कृत महाविद्यालय,वेद पाठशालाएं संचालित हैं। गत 2-3 वर्षों से संस्कृतभारती सरकार के साथ त्रिभाषा सूत्र के क्रियान्वयन के लिए कार्य कर रही थी। अब सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार त्रिभाषा सूत्र के क्रियान्वयन का सूचना पत्र जारी किया है। इससे लाखों बालकों को संस्कृत पढ़ने का अवसर मिलेगा, संस्कृत से उनमें जीवन मूल्यों और नैतिकता का रोपण होगा। अब संस्कृत भारती सरकार के साथ मिलकर शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भी कार्य कर रही है। जिससे संस्कृत शिक्षण में व्यापक गुणवत्ता और सृजनात्मकता का समावेश हो सकेगा।

## ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 25 फरवरी को चण्डीगढ़ में करेगा विशाल धरना - प्रदर्शन




**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**चंडीगढ़, 23 फरवरी।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 25 फरवरी को चण्डीगढ़ में विशाल धरना - प्रदर्शन करेगा। उसी दिन अन्य प्रदेशों की राजधानियों मे विशाल किसान धरने-प्रदर्शन आयोजित कर भारत सरकार की "प्रस्तावित नई कृषि मार्केटिंग नीति" को तत्काल प्रभाव से रद्द करने और किसानों की लागत से डेढ़ गुना (सी2+50%) एमएसपी दरों पर तमाम फसलों की सरकारी खरीद का गारंटी कानून बनाने की मांग को जोरदार ढंग से बुलंद करेगा। यह जानकारी आज यहां चण्डीगढ़ के किसान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संयुक्त किसान मोर्चा के एक प्रमुख नेता सत्यवान ने पत्रकारों को दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले सत्यवान ने अंग्रेज सरकार के विरुद्ध राष्ट्रीय किसान आंदोलन के जनक क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह की 144वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

किसान नेता सत्यवान ने विस्तारपूर्वक बताया कि 25 फरवरी को हरियाणा के किसान और खेत मजदूर पंचकूला के धरना स्थल पर एकत्र होकर चण्डीगढ़ में प्रदेश विधानसभा की ओर कूच करेंगे और मुख्यमंत्री को एक मांगपत्र पेश कर यह मांग करेंगे कि "नई कृषि मार्केटिंग नीति के मसौदे" को रद्द करने का एक प्रस्ताव हरियाणा विधानसभा में पारित कर-के प्रधानमंत्री को भेजा जाए। पंजाब सरकार पहले ही ऐसा प्रस्ताव पारित कर चुकी है।

# प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त होंगे संस्कार टीचर: नरेश सेलपाड़

### नए सत्र से होगी नियुक्ति, जल्द होगा विज्ञापन जारी

**हरियाणा वाटिका/अमित वालिया**

**लोहारू, 23 फरवरी।** केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने कहा है कि देश में नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति एवं गौरव का भी ज्ञान करवाया जाएगा। साथ ही उसे नैतिक संस्कारों के शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए बकायदा प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में संस्कार अध्यापक भी नियुक्त होंगे। वो लोहारु में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परियोजनाओं के तहत चयनित अध्यापक का कार्य विद्यार्थियों में जहां संस्कार विकसित करना होगा, वही वो नैतिक शिक्षा के भी ध्वजवाहक का भी कार्य करेंगे। ये अध्यापक स्कूल एजुकेशन और साक्षरता मिशन भारत सरकार के विशेष प्रोजेक्ट के तहत मिनिस्ट्री आफ कल्चर अफेयर भारत सरकार व देश की एक नामी संस्थान के तत्वावधान में सभी प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए बकायदा सिलेबस भी तैयार किया जा रहा है। ये अध्यापक अंशकालिक होंगे, और ये हर रोज दो घंटे ही विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे।

**ये रहेगी शैक्षणिक योग्यता:**
केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ के अनुसार इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 12 वीं कक्षा पास गई है। साथ ही आवेदक की आयु प्रदेश में नियुक्ति नियमों के अनुरूप 18 से 42 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। हालांकि एससी, एसटी या भूतपूर्व सैनिकों या उनके आश्रितों, स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को इसमें तीन वर्ष की छूट रहेगी। इसके अलावा इसके 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

**ये रहेगा वेतनमान:**
निदेशक नरेश सेलपाड़ ने बताया कि चयनित प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त संस्कार अध्यापकों को महज दो घंटे ही अपनी सेवाएं देनी होगी। जिसके एवज में उन्हें 9240 रुपये के आस-पास वेतनमान दिया जाएगा। यदि एक गांव में एक स्कूल है तो उनकी डयूटी उसी स्कूल में होगी, यदि गांव में दो प्राईमरी स्कूल हैं तो अलग-अलग दिनों या एक-एक घंटा दोनों स्कूलों में सेवाएं देनी होगी। किसी बड़े गांव या कस्बे में दो से अधिक प्राइमरी स्कूल होने पर वहां एक से अधिक अध्यापकों की नियुक्ति हो सकेगी।

**सात लोगों की बनेगी कमेटी:**
विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि पैदा करने के लिए सात सदस्यों की एक कमेटी भी बनेगी। इस कमेटी से जुड़ने के लिए 12वीं तक शिक्षित होने के अलावा समाज सेवा से जुड़ा होना अनिवार्य मापदंड बनाया गया है। हालांकि इनका कार्य निगरानी एवं सुझाव देने व कार्य विशेष की योजना को अमलीजामा पहनाना होगा। यह कमेटी पहले से स्कूल में कार्यरत एसएमसी कमेटी से अलग होगी। वैसे एसएमसी कमेटी के सदस्य भी इससे जुड़ सकते हैं, मगर उनकी शिक्षा से संबंधित मापदंड पूरे करने होंगे, जबकि एसएमसी कमेटी में ऐसा कोई नियम नहीं था।

# नपा चुनाव में चुनावी नौका पार लगाने के लिए प्रचार में पहली बार हो रहा लाउड स्पीकर का प्रयोग, खुल रहे कार्यालय

### -बोर्ड परीक्षाओं के दिनों में विद्यार्थियों की पढ़ाई हो रही प्रभावित,

**अमित वालिया,लोहारू**

नगरपालिका चुनाव को लेकर लोहारू नगर का चुनावी माहौल पूरी तरह से गमार्ता जा रहा है तथा चेयरमैन व पार्षद पद के सभी उम्मीदवारों ने युद्धस्तर पर अपना प्रचार शुरू कर दिया है। चुनाव प्रचार में कोई भी प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंदी से पीछे नहीं रहना चाहता, ऐसे में रोजाना अपने अपने विकास के दावों व भविष्य की घोषणाओं को लेकर नए नए पोस्टर व लेख सोशल मीडिया पर डाल रहे है ताकि किसी भी तरह से माहौल को अपने पक्ष में कर चुनावी नैया पार लगाई जा सके। वहीं दूसरी ओर दिनभर नगर के मुख्य बाजारों, गलियों, सार्वजनिक स्थानो पर लाउडस्पीकर लगे ऑटो व रिक्शा घूम रहे है जो परीक्षा के दिनों में न केवल छात्रों के लिए परेशानी का सबब बने है बल्कि आमजन भी इनसे परेशान नजर आ रहा है। ध्यान रहे कि इस समय सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं चल रही है तथा अगले सप्ताह से हरियाणा बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू हो जाएगी। ऐसे में चुनावी शोरगुल के बीच विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पा रहे है तथा उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। लोहारू नगर में अब तो इस कदर माइकों की भरमार हो गई है कि लोग आपस में बात भी नहीं कर पा रहे हैं।

बातों में भी दिक्कत आ रही है। नगर के हर कोने में ऊंची आवाज में माइकों की गूंज सुनाई देती है। कोई गली-मोहल्ला ऐसा नहीं है जहां पर एक के बाद एक प्रत्याशी की गाड़ी न घूम रही हो या स्वयं प्रत्याशी न घूम रहा हो। यह तो आने वाले समय में ही पता लग पाएगा कि कौन कितने वोट ले पाता है तथा किसकी नौका भवसागर पार होती है लेकिन इतना अवश्य है कि चुनाव प्रचार में कोई भी उम्मीदवार अपनी कसर बाकी नहीं छोड़ रहे है। 12 मार्च को पता लग पाएगा।

**युवाओं में जागरूकता व उत्साह के चलते उम्मीदवारों ने झोंकी ताकत:-**
नपा चुनाव के लिए अबकी बार चुनाव प्रचार नए रूप में देखने को मिल रहा है क्योंकि चेयरमैन का चुनाव सीधे तौर पर हो रहा है। सीधा चुनाव होने से चेयरमैन पद के लिए कांटे की टक्कर होने की उम्मीद जताई जा रही है। नपा चुनाव में ऐसा प्रचार विगत योजनाओं के चुनावों में देखने को नहीं मिला था। इस बार चुनाव के प्रति युवाओं में जागरूकता व उत्साह देखने को मिल रहा है जिस कारण उम्मीदवारों को अपना पक्ष मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकनी पड़ रही है। नपा चुनाव में अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदवारों का जिस प्रकार से घर-घर जाकर वोट मांगने का सिलसिला जारी है वह भी अब पूरे यौवन पर है। जहां एक प्रत्याशी घर से निकलता है तो दूसरा प्रत्याशी वोट मांगने आ जाता है। वोट के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। कुछ प्रत्याशी तो बहुत कम सो पा रहे हैं और बस गलियों में चक्कर लगा रहे हैं। चुनाव के लिए चेयरमैन व पार्षद पद के उम्मीदवारों ने अबकी बार अपने-अपने चुनाव कार्यालय भी खोल दिए हैं वही प्रधान पद के दावेदारों द्वारा माइकों से प्रचार किया जा रहा है जो नपा चुनाव में पहली बार हो रहा है।

# प्रदेश के मध्य में राजधानी बनाने की उठी मांग, महम चौबीसी के चबूतरे से भरी हुंकार

### रैली के संयोजक रणदीप लोहचब तथा अध्यक्षता। महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत प्रधान सुभाष नंबरदार ने की

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**महम, 23 फरवरी।** हरियाणा की राजधानी प्रदेश के बीच में बनाने की मांग को लेकर रविवार को महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबुतरे पर स्वाभिमान रैली का आयोजन किया गया।रैली के संयोजक रणदीप लोहचब ने बतौर मुख्य वक्ता रैली को सम्बोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता चौबीसी खाप प्रधान सुभाष नम्बरदार ने की। संचालन मास्टर हरीसिंह ने किया।राजधानी प्रदेश के बीच बनाने के लिए दो प्रस्ताव पास किए गए।रणदीप लोहचब ने कहा कि 58 वर्ष बाद भी हम अपनी नई राजधानी तथा अलग हाईकोर्ट से वंचित हैं। इस समय हरियाणा प्रदेश सरकार की योजना चंडीगढ़ में पंचकूला सीमा के पास नया हरियाणा विधानसभा भवन बनाने की है, आगामी 2029 की नई विधानसभा की बढ़ी हुई सीटों के लिए एक बड़ा नया हरियाणा विधानसभा का भवन चंडीगढ़ में बनाया जाना दशार्ता है कि वर्तमान हरियाणा सरकार तथा विपक्ष की प्रदेश के बीच में नई राजधानी तथा अलग हाई कोर्ट बनाने में कोई रुचि नहीं है। इनकी सोच है कि समय बीतने के बाद कभी नई राजधानी बने तो वह पंचकूला में ही बने, पंचकूला में कई विभागों के मुख्य कार्यालय पिछले दो दशकों से बन रहे हैं। संकेत स्पष्ट है यदि नया विधानसभा भवन चंडीगढ़ में बनेगा तो भविष्य में प्रदेश की राजधानी कभी भी हरियाणा के बीच नहीं बन सकेगी। यह प्रदेश की जनता तथा भावी पीढ़ियों के लिए अन्याय होगा। वक्ताओं ने कहा कि चंडीगढ़ हरियाणा से अलग थलग दूरदराज कोने में स्थित है,जहां दक्षिण पश्चिम हरियाणा से आने जाने में 800 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। वर्तमान परिस्थिति में समय की मांग है कि नया विधानसभा भवन चंडीगढ़ में न बनाकर हरियाणा के बीच बनाया जाए, दिल्ली से परे , उतर दक्षिण से समान दूरी पर हिसार महम,जींद भिवानी के बीच सर्वे करवाकर उपयुक्त स्थान पर बनाया जाए, यहीं पर हरियाणा प्रदेश की अलग हाई कोर्ट का निर्माण हो।रणदीप लोहचब ने चार प्रस्ताव रखे जिन्हें एकमत से पारित कर दिया गया।जिसमें हरियाणा की राजधानी हरियाणा के बीच बनाई जाए। सरकार उपयुक्त स्थान का चयन करवाए,नया विधान सभा भवन चंडीगढ़ में न बनाकर, यहां बीच के स्थान पर बनाया जाए। यहां पर हरियाणा की अलग हाइकोर्ट बनवाई जाए। इसी स्थान पर विश्वस्तर का एक अति आधुनिक सुंदर शहर बसाया जाए। रणदीप ने बताया कि 100 बड़े गांव तथा शहरों में जनसभाएं की जाएंगी। प्रदेश के बीच में नई राजधानी का निर्माण करना प्रदेश सरकार के अधिकार में है,इसलिए स्वाभिमान आंदोलन से जुड़े प्रदेश के एक सो गणमान्य व्यक्ति संयुक्त रूप से हरियाणा सरकार के मंत्रियों तथा केंद्र सरकार में हरियाणा के मंत्रियों से मिलकर सरकार को जगाएंगे। यह सत्य और न्याय का मुद्दा लागू करना देश,प्रदेश तथा हरियाणा की तीन करोड़ जनता के भले के लिए कैसे और क्यों आवश्यक है।स्वाभिमान आंदोलन का प्रतिनिधि मंडल न्याय के इस मुद्दे को साकार करने का सरकार से आग्रह करेगा। लोहचब ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल की सूची अगली रैली में घोषित की जाएगी। रैली को पूर्व मंत्री अतरसिंह सैनी,पूर्व डिप्टी स्पीकर वासुदेव शर्मा,पूर्व विधायक एसोशिएशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक रामबीर सिंह पटौदी,84 जाटू खाप के प्रधान कप्तान भीमसिंह,पूर्व मंत्री रणसिंह मान, पूर्व विधायक सूरजभान काजल,पूर्व विधायक रामकुमार कटवाल,पूर्व विधायक रणबीर सिंह मंडोला,पूर्व विधायक जसवंत बवाल ,पूर्व विधायक धर्मपाल सांगवान,पूर्व विधायक अजीत सिंह कादयान,पूर्व विधायक उमेद सिंह सिवाच,रोड़ खाप अध्यक्ष महेंद्रसिंह रोड़,एडवोकेट रणधीर सिंह रेढ़ू,प्रवक्ता कृष्ण बडाली, सन्दीप नेहरा, अध्यापक नेता फूलकुमार पेटवाड़,सिरसा से गुरदित्ता कंबोज,मटौर से कुलदीप मौन ,प्रेम मौन , मीरान से सुखवीर सिंह सिहाग ने संबोधित किया।रैली में राजेंद्र सहारण फरमाना,महासचिव मास्टर रामफल,महम तपा प्रधान महाबीर सिंह गोयत,सैमाण तपा प्रधान हुकम सिंह सिवाच,मोखरा तपा रामकिशन मलिक, बलंभा तपा प्रधान बलजीत राठी,लाखन माजरा तपा प्रधान कालामुंडिया, मुंढाल तपा प्रधान दिलावर सिंह,सतरोल खाप पूर्व प्रधान इंदरसिंह,पूर्व सरपंच दलीप सिंह सैमाण ,रिटायर्ड चीफ इंजीनियर दलजीत सिंह,रिटायर्ड डीईटीसी करण सिंह ढाका, शिक्षाविद रघुवीर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ का 18 सदस्यीय दल कावड़ के लिए हुआ रवाना

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**



**रतिया 23 फरवरी।** शिव चौंक स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर से श्री नीलकंठ महादेव कावड संघ के चेयरमैन कमल अरोडा के नेतृत्व में 18 सदस्यीय दल बम-बम भोले के उद्धघोष के साथ कावड लेने के लिए रवाना हुआ। शनिवार रात्रि को श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ की कावड़ यात्रा को श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ के प्रधान रमन बलाना ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कावड़ लेकर जाने वाले शिव भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर संघ के चेयरमैन कमल अरोड़ा ने बताया कि यह डाक कावड 26 फरवरी को हरिद्वार से महशिवरात्रि के दिन रतिया पहुंचेगी तथा सांय 7 बजे विधि-विधान से जलाभिषेक करवाया जाएगा। इस अवसर पर अवी वधवा,डा. पीयूष अरोड़ा आदि सदस्यों ने बताया कि पिछले करीब 25 बर्षों से उनके कावड संघ के सदस्य वर्ष में दो बार कावड लेने के लिए हरिद्वार जाते है। हनुमान मंदिर पुजारी के सुपुत्र ने बताया कि यहां महाशिवरात्रि पर्व बडी धूमधाम से मनाया जाएगा और महशिवरात्रि को कावडियों के लिए लंगर की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर प्राचीन श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 23 फरवरी।** बीती शाम करनाल पुलिस ऑटो थेफ्ट सी.आई.ए. -1 की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर नाका बंदी कर-के सेक्टर 4, करनाल से आरोपियान...1 अंकित पुत्र महेंद्र निवासी गांव धीड जिला करनाल वा 2 शोएब उर्फ समीर पुत्र सलीम मलिक निवासी गांव गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश दोनों को चौरी की मोटरसाइकल सहित गिरफ्तार किया गया जिन्होंने पूछताछ पर तीन और अन्य वारदात करने बारे स्वीकार किया जिनसे कुल 3 मोटरसाइकल बरामद हुई। 3 रोहित पुत्र कृष्ण कुमार निवास ए गांव दलीयानपुर जिला करनाल को नमस्ते चौक सेक्टर 16 करनाल से चौरी की एक मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया व पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 मोटरसकिल बरामद की गई। 4 विनोद कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव बिचपड़ी जिला सोनीपत को काछवा रोड करनाल से चोरी की मोटरसाइकल सहित गिरफ्तार किया गया व पूछताछ के दौरान आरोपी से एक ई रिक्शा व मोटरसाइकिल बरामद हुई।

इस संबंध में एंटी ऑटो थेफ्ट टिम के इंचार्ज निरीक्षक रोहतास सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान 7 मोटरसाइकल व एक ई रिक्शा चोरी करना स्वीकार गई। जिनमें से 6 मोटरसाइकिल व एक ई रिक्शा बरामद हो चुकी हैं। इस संबंध में आज आरोपियों को माननीय अदालत के सम्मुख पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एन.डी.पी.एस.एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 23 फरवरी।** बीती शाम जिला पुलिस की एन्टी नारकोटिक सेल टीम के इंचार्ज उप निरक्षक हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर कस्बा निसिंग, करनाल के क्षेत्र में नाकाबंदी करके आरोपी ...राहुल पुत्र राजिन्द्र निवासी गांव निसिंग करनाल से गिरफतार किया गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 234 ग्राम अफीम व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

एन्टी नारकोटिक सेल टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग, करनाल में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। व मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भाजपा उम्मीदवारों को दे रहे समर्थन: जगमोहन आनंद

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 23 फरवरी।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जैसे-जैसे नगर निगम चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, चौतरफा भाजपा का रंग चढ़ गया है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भाजपा की मेयर पद की उम्मीदवार और भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को अपना समर्थन दे रहे हैं। करनाल नगर निगम के वार्ड नं. 7 में आजाद प्रत्याशी मनोज उर्फ मोनू (चुनाव निशान - उगता सूरज) ने अपना पूर्ण समर्थन मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता एवं वार्ड 7 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जोगेन्द्र शर्मा को दिया है।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अन्य प्रत्याशियों का भाजपा के उम्मीदवारों को समर्थन देने का सिलसिला जारी है। इससे साफ पता चलता है कि नगर निगम चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत होने जा रही है। करनाल की जनता ही नहीं बल्कि प्रत्याशियों के समर्थन ने बता दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की नीतियों से लोग खुश है। करनाल में चौतरफा विकास कार्य हो रहे हैं। नगर निगम चुनाव के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार और तेज गति से कार्य करेगी।

समर्थन दे रहे प्रत्याशियों को भाजपा में मिलेगा पूरा मान-सम्मान,
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जो भी प्रत्याशी चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को समर्थन दे रहे हैं, उन्हें भाजपा में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। सरकार के विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। प्रत्याशियों का यह कदम भाजपा परिवार को और भी मजबूत करेगा,यह क्षेत्र के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। विधायक ने कहा कि चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशी जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। डोर टू डोर जाकर जनता से संपर्क किया जा रहा है और भाजपा सरकार के विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा जा रहा है। इस अवसर पर यशपाल ठाकुर, सतीश कश्यप, विनोद शर्मा, रविन्द्र कश्यप सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मॉर्डन पब्लिक स्कूल ढ़ाकल के वार्षिक उत्सव में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नरवाना, 23 फरवरी।** हरियाणा के सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरन्तर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सुधारीकरण किया जा रहा है। यह कार्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों का आह्वान किया कि वे बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र के प्रति देशभक्ति के संस्कार देने वाली शिक्षा दें ताकि बच्चे बड़े होकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सके।


कृष्ण बेदी ने आज नरवाना के मॉर्डन पब्लिक स्कूल ढ़ाकल में आयोजित वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि बच्चों में छोटी उम्र में जो संस्कार बन जाते हैं, वे जीवनपर्यन्त मनुष्य का साथ देते हैं, इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों में नैतिक मूल्यों की जानकारी दें।

उन्होंने कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित देश के जाम्बाज सैनिकों द्वारा विषम परिस्थितियों में अपनी डयूटी का निर्वहन करने पर दी गई प्रस्तुति की सराहना की और कहा कि एक सैनिक का जीवन हम सब के लिए अनुशासन की एक जीती जागती मिशाल है।

उन्होंने कहा कि मॉर्डन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी प्रतिक घणधस ने जो दसवीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसारा स्थान हासिल किया है मैं उसको तह दिल से बधाई देता हूं और उसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

## रतिया मीडिया वेलफेयर क्लब का 12 सदस्यीय दल धार्मिक यात्रा के लिए हुआ रवाना।

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**



**रतिया 23 फरवरी।** रविवार को मीडिया वेलफेयर क्लब का 12 सदस्यीय दल बाबा सालासर धाम की धार्मिक यात्रा के लिए क्लब अध्यक्ष बोबी गोस्वामी व प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश ललित के नेतृत्व में रवाना हुआ। मीडिया क्लब की धार्मिक यात्रा को श्री नीलकंठ महादेव कावड़ संघ के प्रधान रमन बलाना,डॉ पीयूष अरोड़ा,नीति सेतिया ने संयुक्त रूप से बाबा की ध्वजा दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर रमन बलाना ने कहा कि मीडिया क्लब के सदस्य समाज सेवा के साथ-साथ समय-समय पर धार्मिक यात्रा करता रहते हैं,जो की जीवन में जरूरी भी है। उन्होंने मीडिया क्लब की यात्रा मंगलमय होने की कामना की। वहीं यात्रा के प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश ललित ने बताया कि मीडिया क्लब के साथी सालासर धाम की इस यात्रा के पश्चात आगामी समय में देश की संस्कृति को जानने के लिए जम्मू कश्मीर व मुंबई गोवा का भी भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर कल्ब के प्रधान बोबी गोस्वामी,रिम्पी जिन्दल,गुरचरण सिंह,रवि गोयल,राकेश ललित,सुरेश मंगला,जसपाल सिंह जस्सा,नरेंद्र बंसल,अमन सेठी,नीटू गोयल,बिट्टू हडोली,पवन ग्रोवर मौजूद थे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना : महावीर कौशिक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 23 फरवरी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। जिसके तहत बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है।

उपायुक्त श्री कौशिक ने बताया कि इस योजना के तहत जिला भिवानी की जो महिलाएं हरियाणा की स्थाई निवासी है और जिनकी वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम है वे महिलाएं इस योजना के पात्र है। ऋण के लिए आवेदक के समय पर महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्तों का भुगतान करने पर तीन वर्षों तक सात प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी।

हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक श्री राजकुमार ने बताया हरियाणा महिला विकास निगम की योजना के तहत डेयरिंग, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों को छोडकर अन्य सभी गतिविधिया शामिल है। इन गतिविधियों में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्सा, छोटे सामान ढोने के वाहन, थ्री व्हीकल, ई-रिक्सा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत टेलरिंग, बुटीक, ब्यूटी पार्लर, फोटोकॉपी की दुकान, पापड़ बनाना, फूड स्टॉल, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, बिस्कुट बनाना, हैंडलूम और आइसक्रीम बनाने की यूनिट आदि बनाने का काम शुरू कर सकती है। महिलाओ को ऋण के माध्यम से ई-रिक्सा दिलाई जाएगी और निगम के माध्यम से महिलाओ को नि:शुल्क चालक प्रशिक्षण की ट्रेनिंग के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रदान किये जायेगे। जिसे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके।

## 7वां श्री सुंदरकांड पाठ एवं रात्रि जागरण 1 मार्च को



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया 23 फरवरी।** 1 मार्च दिन शनिवार को सांय 7 बजे श्री बाला जी महाराज श्री काजलां धाम हिसार के सौजन्य से श्री काजलां धाम भगत मंडल द्वारा "7 वां श्री सुंदरकांड पाठ एवं रात्रि जागरण" का भव्य आयोजन अनाज मंडी प्रांगण में बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। भव्य रात्रि में गुरु जी महाराज काजलां धाम प्रेरणा स्रोत श्रद्धेय ब्रह्मलीन पूज्य श्री रमेश कुमार जोशी जी के आशीर्वाद से गुरु जी महाराज काजलां धाम भाई जी श्री अंजनी कुमार जोशी जी बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। श्री बालाजी प्रेमियों ने बताया कि इस भव्य रात्रि में उत्सव स्थल की फूलों व रंगीन लाईटों व श्री बालाजी दरबार की आलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य सजावट की जाएगी। इस भव्य रात्रि में छप्पन भोग व बीच-बीच में मनमोहक इत्र वर्षा देखने को मिलेगी। इसके अलावा श्री बालाजी का अटूट भंडारा भी चलेगा। इस भव्य रात्रि में पहुंचने वाले प्रसिद्ध भजन गायक जयपुर से 'संजय पारिक' , गुरुग्राम से 'नरेश सैनी' व फतेहाबाद से 'साक्षी शर्मा' आदि कलाकार समधुर भजनों से श्री बालाजी का गुणगान करेंगे। इस भव्य रात्रि में समस्त महिला मंडलों सहित अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का विशेष सहयोग रहेगा। इस मौके पर राज कुमार सिंगला (राजू करंडी) व प्रवीण गर्ग सहित काफी संख्या में बालाजी प्रेमी उपस्थित रहे।

## राज्य सभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मेडिकल कॉलेज में स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिए की मांग



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 23 फरवरी।** राज्य सभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर भिवानी में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिए मांग की है। श्रीमती किरण चौधरी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इसकी एक प्रति प्रेषित कर मेडिकल कॉलेज में स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिए मांग की है। इस पत्र पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस प्रस्ताव की व्यवहार्यता की जाँच करने का आश्वासन दिया है।

श्रीमती किरण चौधरी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर मांग की कि भिवानी में जिला मुख्यालय पर एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है, जो वर्ष 2025-26 के सत्र से आरंभ होने का प्रस्तावित है। यह कॉलेज न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगा, बल्कि इस क्षेत्र और आसपास के जिलों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। उन्होंने लिखा कि भिवानी जिले के युवाओं का खेलों के प्रति गहरा लगाव है और राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक तालिकाओं में भिवानी का स्थान सर्वोपरि है। भिवानी को मिनी क्यूबा के नाम से भी जाना जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी समय-समय पर खिलाड़ियों और युवाओं को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इसीलिए भिवानी के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। यह केंद्र न केवल खिलाड़ियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि जिले के आम नागरिकों के लिए भी एक महत्त्वपूर्ण संसाधन सिद्ध होगा। यह पहल खिलाड़ियों और युवाओं के लिए एक बड़ी सहूलियत होगी और भिवानी जिले की जनता आपकी सदैव आभारी रहेगी।

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इसकी एक प्रति प्रेषित कर मेडिकल कॉलेज में स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के लिए मांग की है

## मुख्यालय से आई टीम ने रात भर की छापेमारी, राजस्थान से अवैध तरीके से पत्थर ढोते एक डंपर को पकड़ा




**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 23 फरवरी।** खनन विभाग की पंचकुला मुख्यालय से आई उच्च अधिकारियों की टीम ने खनिज के अवैध खनन व उसके अवैध परिवहन को लेकर तीसरे दिन भी छापेमार कार्रवाई जारी रखी। इस दौरान खनन का अवैध रूप से परिवहन करने पर एक डंपर को पकड़कर जुमार्ना राशि वसूली गई।

खनन विभाग के महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के दिशा-निर्देशन में गठित संयुक्त टीम में राज्य भू-वैज्ञानिक दीपक हुड्डा, राजेश गांगवान सहायक खनन अभियन्ता, ओमदत्त शर्मा खनन अधिकारी व अरुण कुमार खनन निरक्षक व मोहित सर्वेयर ने रातभर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रूप से पत्थर ढो रहे एक डंपर को पकड़ा। यह डंपर राजस्थान से अवैध तरीके से पत्थर ला रहा था। अधिकारियों की टीम ने आज दिन भर इस मामले में कार्रवाई करते हुए लगभग 4.22 लाख रुपए वसूल करके सरकारी खजाने में जमा करवाए। रकम जमा होने के बाद संबंधित डंपर को छोड़ दिया गया। उन्होंने सभी क्रेशर संचालकों को भी चेतावनी दी है कि अगर वे अवैध पत्थर की पिसाई करते मिलेंगे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में टीम लगातार छापेमार कार्रवाई जारी रखेगी। जिला में अवैध खनन व परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि खनिज की रखवाली करना जिला प्रशासन के साथ-साथ पंचायत की भी जिम्मेदारी है। जिला के सभी सरपंच भी इस मामले में चौकन्ने रहें। अगर कहीं भी अवैध खनन या अवैध रूप से खनन के परिवहन की सूचना मिले तो जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# इंस्पैक्टर राजेंद्र कुमार व पुलिस टीम की कार्यप्रणाली की ढांड मंडी प्रधान ने की सराहना

**कहा : गेहूं सीजन में नहीं आने दी कोई परेशानी, थाने में होती है जनता की सुनवाई । एस.पी. के नेतृत्व में नशे व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता मुहिम जोरों पर**



**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**

**कैथल, 23 फरवरी।** कैथल पुलिस द्वारा एस.पी. राजेश कालिया के कुशल नेतृत्व में गांव-गांव जाकर ग्रामीण भ्रमण जनसंपर्क अभियान के तहत आमजन को नशे व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता मुहिम ढांड सहित आसपास के गांवों में जोरों पर चल रही है। जिसके तहत कैथल डी.एस.पी. गुरविंद्र सिंह व ढांड थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के गांव ढांड, चंदलाना, पोबाला, जडौला,जाजनपुर, बरोट, बंदराना, बेगपुर, सोलूमाजरा, डडवाना, महदूद, खेड़ी रायवाली, चुहड़माजरा, आहू आदि कई गांवों में आमजन व गण्यमान्य लोगों की बैठकें आयोजित कर जागरूक कर रहे है। जिसके तहत डी.एस.पी. गुरविंद्र सिंह मौके पर ही लोगों की समस्याएं सुन उनका निदान भी कर रहे है। इन गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने कैथल डी.एस.पी. गुरविंद्र सिंह व ढांड थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिला पुलिस की इस सराहनीय पहल का लोगों ने स्वागत किया है।

दूसरी तरफ नई अनाज मंडी ढांड आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान नरेश सहारण घराड़सी ने कहा कि जिला पुलिस का ग्रामीण भ्रमण के तहत डी.एस.पी. गुरविंद्र सिंह व आमजन की मौजूदगी में कहा कि गेहूं के सीजन में इस वर्ष अदानी एग्रो के बाहर किसानों व आढ़तियों को ढांड थाना प्रभारी इंस्पैक्टर राजेंद्र कुमार की सुझबुझ से किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई और गोदामों के बाहर पूरी मुस्तैदी से पुलिस मौजूद रही। जिसके चलते ना तो जाम की समस्या पैदा हुई है और लाइनों में सुचारु रूप से कार्य चलता रहा। जिसके लिए मंडी प्रधान ने थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार के साथ पुलिस टीम का भी धन्यवाद किया। प्रधान नरेश सहारण ने कहा कि ढांड थाना प्रभारी इंस्पैक्टर राजेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ 24 घंटे जनता की सेवा में रहने के साथ पुलिस थाने में जाने वाले हर फरियादी की सुनवाई करते है।

जागरूकता मुहिम के तहत ढांड थाना प्रभारी इंस्पैक्टर राजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ग्रामीण भ्रमण के तहत एस.पी. राजेश कालिया के मार्गदर्शन में ढांड पुलिस पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभा रही है। ग्रामीणों को नशे व साइबर अपराध के बारे में जागरूक करने के साथ आपसी भाईचारा स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रही है। पुलिस 24 घंटे जनता की सेवा में समर्पित है। कही भी कोई भी आपराधिक घटना घटित होने पर तत्काल उसकी सूचना पुलिस को दे, ताकि मौके पर तत्काल कार्रवाई कर अपराध को रोका जा सके।

बाक्स

संगरौली, धेरडू, पबनावा, खेड़ी व खेड़ी साकरा में जागरूकता कार्यक्रम 25 को

ढांड थाना प्रभारी इंस्पैक्टर राजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ग्रामीण भ्रमण के तहत एस.पी. राजेश कालिया के मार्गदर्शन में डी.एस.पी. गुरविंद्र सिंह की अध्यक्षता में 25 फरवरी दिन मंगलवार को गांव संगरौली, धेरडू, पबनावा, खेड़ी व खेड़ी साकरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें डी.एस.पी. गुरविंद्र सिंह आमजन की समस्याएं सुनने के साथ नशे व साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

# तुम तो धोखेबाज हो... वादा करके रफू चक्कर हो जाते हो !

**'अधिकृत एजेंटों के माध्यम से ही जाएं विदेश , अनाधिकृत एजेंटो से रहे सावधान '**

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 23 फरवरी।** लोगों में विदेश जाने का क्रेज दिमाग में इस कदर हावी है कि लोग बिना सोचे समझे लाखों रुपया खर्च कर अनाधिकृत एजेंटों के हत्थे चढ़ कर बर्बाद हो रहे हैं । सब्ज बाग दिखाकर रुपए ऐंठने के बाद यह तथा कथित एजेंट कहा रफू चक्कर हो जाते हैं किसी को भी कुछ पता नहीं रहता। आखिरकार विदेश जाने वाला बेचारा हाथ मलता रह जाता है । इमिग्रेशन लॉयर एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य अरविंद कादयान से इस संबंध में जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि स्टडी वीजा के लिए विदेश जाने के इच्छुक युवाओं को कथित एजेंटों के साथ हर बिंदू पर चौकसी बरतनी चाहिए। युवाओं को निर्वासन से बचने के लिए पूरी पारदर्शिता से प्रक्रिया अपनानी चाहिए। कथित सलाहकार या एजेंट किसी विद्यार्थी को भ्रमित न करे व उनके भविष्य पर कोई आंच न आए, । उन्होंने बताया कि विजिटर, स्टूडेंट या वर्क परमिट पर विदेश जाने के लिए हर वीजा आवेदक को पिछले 10 साल की अपनी शिक्षा और रोजगार के इतिहास का ब्यौरा देना होता है। धोखेबाजों और अनधिकृत एजेंटों से सावधान रहें। यदि कोई गलत दस्तावेज पेश किया जाता है तो इसका भविष्य में भी असर हो सकता है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि विदेश में पढ़ाई के बाद स्टूडेंट या वीजा आवेदक वर्क परमिट के लिए आवेदन करेगा और उसके बाद स्थायी निवास के लिए आवेदन करेगा। वर्क परमिट धारक स्थायी निवास के लिए भी आवेदन करेगा। अंत में यह भी संभव है कि आवेदक संबंधित देश की नागरिकता के लिए आवेदन करे। अलग-अलग चरणों में होती है। ऐसे में यदि किसी दस्तावेज के पेश करने पर कोई आशंकित बिंदू पाया गया तो दिक्कत आ जाएगी। धोखेबाज एजेंट कई बार फर्जी सर्टीफिकेट और डिग्री, गलत आयकर रिटर्न, फर्जी बैंक स्टेटमेंट संलग्न कर देते हैं और सच छिपा लेते हैं, लेकिन भुगतना तो आवेदक को ही पड़ेगा। एजेंट को नहीं भुगतना पड़ेगा, इसके लिए केवल वीजा आवेदक ही जवाबदेह होता है।

उन्होंने कहा कि अतीत में कॉलेजों के स्वीकृति पत्रों के फजीर्वाड़े के कारण कनाडा में लगभग 700 छात्र निर्वासन का सामना करने के कगार पर थे और वे अभी भी फर्जी दस्तावेज जमा करने के कारण चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इन छात्रों ने कनाडा की सड़कों पर उतरकर भी विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि यह उनकी गलती नहीं है, लेकिन इसका खामियाजा केवलआवेदक के मूलभूत डिपोटेंशन दस्तावेजों की जांच से संबंधित कार्रवाई के मामलों प्रतीकात्मक फोटो। एक प्रमाणित वीजा उन्होंने कहा कि सलाहकार संबंधित राष्ट्र या उसके द्वारा नियंत्रित विभाग के नियंत्रण में होता है और उसके प्रति जवाबदेह होता है, लेकिन अनधिकृत एजेंट पर कोई प्रतिबंध नहीं है। केवल संबंधित विदेशी सरकारों द्वारा पंजीकृत और अनुमोदित वीजा परामर्शदाताओं से ही परामर्श करें। केवल संबंधित विदेशी सरकारें ही वीजा परामर्श सेवाओं के लिए लाइसैंस देती हैं। एक आर.टी.आई. के जवाब में भारत के विदेश मंत्रालय का भी यही कहना है। उन्होंने बताया अल्पकालिक अवधि के शिक्षा पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यह जान लेना जरूरी है कि इनके दम पर पी. आर. लेना आसान नहीं होता

क्योंकि कम अवधि वाले कोर्स की ज्यादा वेल्यू नहीं होती। इसलिए मांग आधारित विषय पाठ्क्रमों वाले कोर्स को ही चुनें। या बैचलर एवं मास्टर डिग्री के लिए जाएं।

छात्रों को ही भुगतना पड़ेगा। भविष्य में भी ऐसे मामले कभी भी आने की संभावना हो सकती है।

**यह दे रहे अब सलाह**

दूसरी ओर अमरीका से अवैध आव्रजन मामलों में डिपोर्ट करने की कार्रवाई के बावजूद कुछ कथित एजेंट युवाओं को झांसे में लेने के लिए स्टडी वीजा संबंधी सलाह दे रहे हैं।

इनके पास अभिभावकों के मोबाइल नंबर और विद्यार्थी का नाम कहां से आए, यह एक अहम सवाल है। फोन नंबर का डाटा इन्हें कहां से प्राप्त होता है।

कॉल करने वाले विद्यार्थी का नाम लेकर पूछते हैं कि क्या इस बच्चे के माता-पिता से बात हो रही है। सवाल होते हैं कि क्या आप बच्चे को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना चाहते हैं। यदि विदेश नहीं भेजना चाहते तो क्या करवाना चाहते हैं। एजेंटों की नजर 11वीं व 12वीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों पर है। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों का पढ़ाई से ध्यान भटकने की संभावना होती है।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से सकुशल लौटे पत्रकार

**शिमला में हुई भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की राष्ट्रीय संगोष्ठी**





**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 23 फरवरी।** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. मुख्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा शिमला में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर सभी पत्रकार धर्मनगरी पहुंचे। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने बताया कि भारत वर्ष को आजादी दिलाने में मीडिया की भूमिका विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और राज्यसभा सांसद एवम कैबिनेट मंत्री रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश भारद्वाज ने शिरकत कर सभी पत्रकारों को सम्मानित भी किया। मंच के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल ने बताया कि हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने हरियाणा के मीडिया पर्सन्स को भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही 15 हजार रूपए मासिक पेंशन एवं अन्य सुविधाओं की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए हिमाचल के पत्रकारो को भी ऐसी सुविधाएं देने की सिफारिश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूखू से की। मंच के राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह व हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिरकत करने पहुंचे हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, यू टी चंडीगढ़ सहित विभिन्न प्रान्तों के साथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि समस्त मीडिया पर्सन्स को शिमला के ऐतिहासिक व हिल स्टेशनस का भ्रमण भी करवाया गया है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, निवर्तमान राज्य मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश धनखड़, मुख्यमंत्री हरियाणा के प्रधान महासचिव आर.के. खुल्लर, सूचना, जन सम्पर्क व भाषा विभाग हरियाणा चंडीगढ़ के प्रभारी व मुख्यमंत्री हरियाणा के अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल व महानिदेशक मकरंद पांडुरंग, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के कुलपति सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव वीरेंद्र पाल, डिप्टी रजिस्ट्रार दीपक शर्मा, शिमला स्थित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निवास के प्रभारी चमन लाल और कुरुक्षेत्र जिला परिषद के उपाध्यक्ष डी.पी. चौधरी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मंच के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश राय व प्रदेश सचिव धनेंद्र शर्मा ने बताया कि मंच की ओर से सभी पत्रकारों का 10-10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा और 2.50 - 2.50 लाख रुपए का मेडिकल बीमा करवाया जा चुका है, जिसकी पालिसी शीघ्र वितरित की जाएंगी।

## हड्डी जांच शिविर में 90 लोगों ने उठाया लाभ



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 23 फरवरी।** नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जामपुर सेवा समिति द्वारा हर माह के अंतिम रविवार को हड्डी जांच शिविर का आयोजन करवाया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को स्थानीय कृष्णा कॉलोनी स्थित डा. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में आयोजित हड्डी जांच शिविर में 90 मरीजों की जांच की गई। शिविर में मशीन द्वारा हड्डियों की संपूर्ण जांच व फिजियोथैरेपी की गई। शिविर का शुभारंभ जोगीवाला मंदिर महंत वेदनाथ महाराज ने रिबन काटकर की। शिविर में कल्याणी अस्पताल गुरूग्राम से डा. विक्रांत खन्ना ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर जामपुर सेवा समिति के प्रधान गोपाल कृष्ण पोपली एवं महासचिव विनोद मिर्ग ने कहा कि गलत आहार और खराब जीवन शैली के कारण केवल बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि बच्चें व युवा भी हुड्डी से जुड़ी समस्याओं का शिकार हो सकते है। ऐसे में प्रत्येक जन को अपने आहार पर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए तथा नियमित तौर पर व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर नागरिकों को अपनी हड्डियों की सेहत को बेहतर बनाए रखने में मदद करते है। उन्होंने कहा कि हड्डी जांच शिविर लोगों को हड्डी से संबंधित बीमारियों से बचाने और समय रहते आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजित होने वाले जांच जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होते है। इसीलिए जरूरतमंद लोगों को ऐसे शिविरों का लाभ उठाना चाहिए तथा अपने शरीर को बीमारियों से बचाना चाहिए। इस अवसर पर हरनाम गाड्डी, सतपाल नरूला, सुरेश कुमार गाड्डी (शीलम), राजकुमार जावा, सुनील वधवा, प्रेम धमीजा, रविंद्र अघी, श्याम मिर्ग, महेंद्र हंस, सुनील वधवा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव आज होंगे जिलास्तरीय किसान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 23 फरवरी।** पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव 24 फरवरी को रेवाड़ी रोड स्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मीटिंग हॉल में जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के भागलपुर में राष्ट्रीय स्तर पर किसानों को संबोधित करेंगे और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त सीधे किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से जारी करेंगे। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी झज्जर के राजकीय नेहरू पीजी कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे।

यह जानकारी देते हुए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नारनौल के डीडीए डॉ देवेंद्र सिंह बाजवा ने बताया कि किसान सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन प्रसारण किया जाएगा।

श्री बाजवा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव हिस्सा लेंगे व किसानों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे। कार्यक्रम स्थल पर किसानों के बैठने की व्यवस्था, लाइव प्रसारण और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम में किसानों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। इस मौके पर किसानों को प्राकृतिक व ऑर्गेनिक फार्मिंग के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। किसानों को नई कृषि तकनीक, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, खाद और आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी मिलेगी।

## सीवन में बनेगी भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार, विकास को मिलेगी नई रफ्तार : बलवंत बाजीगर



**हरियाणा वाटिका/राहुल**

**सीवन, 23 फरवरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बलवंत बाजीगर ने दावा किया कि सीवन नगरपालिका चेयरपर्सन पद की भाजपा की उम्मीदवार शैली मुंजाल भारी मतों से जीत दर्ज कर इतिहास रचेंगी। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की तरह सीवन में भी भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी, जिससे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है। इसी कारण सीवन की जनता भी भाजपा की उम्मीदवार शैली मुंजाल को भारी मतों से विजयी बनाएगी। बलवंत बाजीगर ने कहा कि पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने अपने कार्यकाल में सीवन में अनेक विकास कार्य कराए, जिससे नगर में आधारभूत संरचना मजबूत हुई। उनके प्रयासों से सडके, जल निकासी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुईं। उन्होंने सीवन को एक विकसित नगर बनाने के लिए कई योजनाएं लागू कीं। उनके कार्यकाल में स्थानीय व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा मिला, जिससे रोजगार के अवसर भी सृजित हुए। अब शैली मुंजाल के चेयरपर्सन बनते ही इन विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। भाजपा सरकार की योजनाओं से सीवन में आधारभूत संरचना को और सशक्त किया जाएगा। जल निकासी, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इससे सीवन का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा और नगर नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। बलवंत बाजीगर ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा की नीतियां जनकल्याणकारी हैं और देश भर में जनता का विश्वास भाजपा पर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश सहित 21 राज्यों में भाजपा की सरकार है, जो यह दशार्ता है कि जनता भाजपा की नीतियों पर भरोसा करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि शैली मुंजाल के चेयरपर्सन बनते ही सीवन में विकास कार्यों की गंगा और अधिक बहेगी। सीवन के हर क्षेत्र में सडकों, जल निकासी, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता की दिशा में बड़े स्तर पर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे भाजपा की उम्मीदवार शैली मुंजाल को विजयी बनाकर सीवन के विकास की नींव मजबूत करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर नागरिक के हित में निर्णय ले रही है और आगे भी जनकल्याणकारी नीतियों को जारी रखेगी। इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित थे।

# सेंट मीरास इंटर कॉलेज में विज्ञान और शिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ हिंद नगर स्थित सेंट मीरास इंटर कॉलेज में शनिवार को 22 फरवरी 2025 को एक विशेष विज्ञान और शिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन एलपीएस राजाजीपुरम ब्रांच के प्रिंसिपल ज्ञानेंद्र कुमार ने किया। ज्ञानेंद्र कुमार को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न विज्ञान और शिल्प से संबंधित मॉडल और प्रदर्शनियाँ प्रदर्शित की गईं। इनमें रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर, स्मार्ट ग्लास, एक्सीड रेन वर्किंग मॉडल, टेंशन फ्री हाउस, वायरलेस पावर ट्रांसफर, डोर सिक्योरिटी अलार्म, हार्ट वर्किंग मॉडल, ूमन डाइजेस्टिव सिस्टम, पॉल्यूशन वर्किंग मॉडल, डैम, वाटर प्यूरिफिकेशन, वोल्केनो, चंद्रयान, हाइड्रोलिक ब्रिज, कैंडी वेंडिंग मशीन,और विलेज साइंस जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित



प्रदर्शनियाँ शामिल थीं।
सेंट मीरास इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनोद रातड़ा ने बताया की 9ईं और 11ईं के बच्चों ने पहले रोबोट बनाया बच्चे बराबर मेहनत करते चले आ रहे हैं। डायरेक्टर रिद्धिमा रातड़ा ने पार्टिसिपेट किए बच्चों को बधाई दी।

लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी इस अवसर पर छात्रों को संबोधित किया और उनकी प्रदर्शनियों की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को विज्ञान और शिल्प के क्षेत्र में अपनी रुचि और ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।
प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्रों को विज्ञान और शिल्प के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। यह प्रदर्शनी विद्यालय के छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव था जिसने उन्हें विज्ञान और शिल्प के क्षेत्र में अपनी रुचि और ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन को मिला बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड का पुरस्कार



**गुरुग्राम ।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स में प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है।
श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा।
श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।
यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है।.
अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।

## छावा मूवी को टैक्स फ्री करने के लिए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लिखा पत्र



**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**
**लोनी।** छावा मूवी को टैक्स फ्री करने की मांग करते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मनोरंजन कर और वित्त मंत्री को पत्र लिखा है। विधायक ने मांग की है कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित छावा फिल्म हमारे गौरवशाली इतिहास को बताती है।

यह फिल्म विशेष रूप से छत्रपति संभाजी महाराज के संघर्ष, बलिदान एवं मुगलों द्वारा हिंदुओं पर किए गए अत्याचारों आदि के सजीव चित्रण को प्रस्तुत करती है। यह फिल्म न केवल ऐतिहासिक तथ्यों से लोगों को अवगत कराती है, बल्कि समाज में राष्ट्र भक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना जागृत करने का कार्य भी कर रही है। विशेष रूप से महिलाओं को इस फिल्म को देखने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है, क्योंकि यह फिल्म नारी सम्मान, स्वाभिमान एवं आत्मरक्षा की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने महिलाओं के लिए इस फिल्म के टिकट को निशुल्क करने की व्यवस्था की मांग की है।

# जीतू वाला जोहड़ पर बालाजी कॉलोनी में चार माह से सीवरेज लाईन टूटने की समस्या

## बार-बार अधिकारियों को शिकायत देने के बाद भी नहीं हुआ समाधान

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 23 फरवरी।** स्थानीय जीतू वाला जोहड़ के नजदीक स्थित बालाजी कॉलोनी में पिछले करीबन चार माह से सीवरेज की लाईन टूटी होने के चलते यहां पर हमेशा सीवरेज का गंदा पानी निकलता रहता है, जिसके कारण सीवरेज का गंदा पानी जमा होने की समस्या बनी हुई है। सीवर ओवरफ्लो की समस्या इतना भयंकर रूप ले चुकी है कि यहां पर हमेशा दूषित पानी गलियों में जमा हो जाता है, जिसके कारण स्थानीय लोगों का निकलना तक भी मुश्किल हो गया है। इस बारे में स्थानीय नागरिकों द्वारा बार-बार विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों में अब खासा



रोष नजर आ रहा है। सीवरेज लाईन टूटी होने व ओवरफ्लो की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों ने रविवार को रोष जताया तथा विभाग की लापरवाह कार्यशैली की निंदा की। वार्ड नंबर-18 के पार्षद प्रतिनिधि अनिल कुमार ने बताया कि जीतू वाला जोहड़ के नजदीक स्थित बालाजी कॉलोनी में पिछले करीबन चार माह से सीवरेज लाईन टूटी हुई है, जिसके चलते सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है तथा यहां गलियां सीवरेज के गंदे पानी से लबालब रहती है तथा नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हालात इस कदर बदत्तर हो चले है कि बच्चों को गंदे पानी से गुजरकर ही स्कूलों में जाना पड़ता है। यही नहीं गलियों में गंदा पानी जमा रहने के कारण दुर्गंधमय माहौल रहने के साथ-साथ मच्छरों की भरमार हो गई है, इस कारण इस क्षेत्र में बीमारी फैलने की भी आशंका बनी हुई है।

पार्षद प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि इस समस्या के समाधान हेतु कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचित करवाया गया है, लेकिन अधिकारियों द्वारा उन्हे सिर्फ कोरे आश्वासन मिले है। उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे क्षेत्रवासियों को साथ लेकर सडक पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## जावा ने लॉन्च किया जावा 350 लिगेसी संस्करण




**नोएडा ।** एक साल पहले, जावा 350 ने भारत में क्लासिक मोटरसाइकिलिंग की चिंगारी को फिर से जगाया, जिसमें आधुनिक इंजीनियरिंग के साथ टाइमलेस एलिगेंस का मिश्रण था। भारतीय सड़कों पर एक साल पूरा होने पर, जावा येजदी मोटरसाइकिल्स जावा 350 लिगेसी एडिशन के साथ इस उपलब्धि का जश्न मना रही है। यह विशेष संस्करण पहले 500 ग्राहकों के लिए रिजर्व है।
जावा 350 लिगेसी एडिशन में खास फीचर दिए गए हैं, जैसे टूरिंग वाइजर जो हवा को आसानी से पार करने में मदद करता है, दो लोगों के बैठने पर आरामदायक पिलियन बैकरेस्ट, अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने वाला प्रीमियम क्रैश गार्ड, सुरक्षा और स्टाइल दोनों को बढ़ाता है। इस एडिशन में प्रीमियम लेदर कीचेन और कलेक्टर एडिशन जावा मिनिएचर भी शामिल है।
क्लासिक लीजेंड्स के मुख्य व्यवसाय अधिकारी शरद अग्रवाल ने कहा, "पिछले साल जावा 350 के लॉन्च के बाद से ही मोटरसाइकिल को हमारे ग्राहकों और राइडिंग समुदाय द्वारा समान रूप से पसंद किया जा रहा है। जावा 350 कालातीत डिजाइन और आधुनिक प्रदर्शन का सही संतुलन दशार्ता है, जो पीढ़ियों से जावा को परिभाषित करने वाली विरासत के प्रति सच्चा है। इसकी सबसे उल्लेखनीय विशेषताओं में से एक है इसका गोल्डन रेशियो का पालन करना - एक डिजाइन सिद्धांत जो सौंदर्यशास्त्र और सवारी की गतिशीलता दोनों के लिए सही अनुपात सुनिश्चित करता है, ठीक वैसे ही जैसे पुराने जमाने की प्रसिद्ध जावा। लेगेसी एडिशन के साथ, हम राइडर्स को और भी अधिक इमर्सिव अनुभव प्रदान कर रहे हैं - बेहतर आराम, बढ़ी हुई सुरक्षा और अतिरिक्त ग्लैमर का एक स्पर्श जो इस मील के पत्थर के जश्न को वास्तव में खास बनाता है।"

## मध्य प्रदेश में निवेश का हो रहा उदय : ज्योतिरादित्य सिंधिया



**ग्वालियर ।** मध्य प्रदेश की राजधानी में होने जा रही दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि इस आयोजन से राज्य में निवेश का उदय होगा।
केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्वालियर प्रवास के दौरान संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि भोपाल आ रहे निवेशकों व उद्योगपतियों का स्वागत है, उनसे हम मिलेंगे भी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में निवेश का उदय होने जा रहा है। कांग्रेस की ओर से राज्य में हो रहे आयोजनों को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर, रीवा व खजुराहो में समिट हुई और अब भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है। इसका स्वागत करने की बजाय इस तरह की नकारात्मक प्रवृत्ति कांग्रेस या कोई भी राजनीतिक दल रखेगा, तो उसकी स्थिति वैसी ही रहेगी जैसी देश और जनता के ह्दय में है।
राजधानी भोपाल में 24 और 25 फरवरी को दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट होने जा रही है। जीआईएस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दो दिवसीय औद्योगिक समागम में देश और दुनिया की नामचीन हस्तियां हिस्सा ले रही हैं। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव लगातार काफी समय से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव कर चुके हैं और प्रदेश के बाहर दूसरे राज्यों में भी निवेशकों से संवाद कर निवेश के लिए आमंत्रित किया है।
इसके अलावा कई देशों में जाकर भी औद्योगिक घरानों के प्रतिनिधियों से संवाद किया। राज्य में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से पहले रीजनल कॉन्क्लेव आयोजित की गई। इन आयोजनों में चार लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव आए हैं और इससे तीन लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जहां तक ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की बात है तो इसके लिए 30 हजार से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है और 18 हजार लोगों का कंफर्मेशन भी आ गया है।

# पर्यावरण व भविष्य को हरा-भरा रखने के लिए करें पौधारोपण : कृष श्योकंद

## कहा : हर नागरिक खुशी के मौके पर अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाए

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 23 फरवरी।** गांव जाजनपुर के पूर्व सरपंच कृष श्योकंद जाजनपुर ने कहा कि पर्यावरण व भविष्य को हरा-भरा रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए और अन्य लोगों को भी बरसात के मौसम को देखते हुए अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। गांव जाजनपुर में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए कृष जाजनपुर ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना



भी नहीं की जा सकती है। पेड़ पौधे हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है, जिससे हमें साफ, स्वच्छ हवा, ऑक्सीजन, जड़ी-बूटियां मिलती है।
जो हमारे जीवन के लिए प्राकृतिक की अनमोल देन है। पूर्व सरपंच कृष श्योकंद ने सभी को आह्वान करते हुए कहा कि हर नागरिक खुशी के मौके पर अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाए और उस पौधे की बड़े होने तक नवजात शिशु की तरह देखभाल करें, क्योंकि पौधे लगा देने से हमारा फर्ज पूरा नहीं होता है अपितु उसके बड़े होने तक देखभाल करना हमारा दायित्व भी बनता है। हरियाणा प्रदेश को हरा-भरा बनाने की मुहिम में हर नागरिक अपने सहयोग की आहुति डालते हुए पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण को बचाने व हरा-भरा बनाने का फर्ज समाज का बनता है और हर नागरिक अपना फर्ज निभाते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करें। अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी अपने घरों, आंगन, सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाने के लिए जागरूकता की अलख जगाए।

# सीवन नगर पालिका चुनाव: भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल के समर्थन में महिला मोर्चा सक्रिय

## भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष कृष्णा कश्यप का बयान : शैली मुंजाल की जीत पक्की

**हरियाणा वाटिका/राहुल**
**सीवन, 23 फरवरी।** सीवन नगरपालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल के समर्थन में महिला मोर्चा की टीम पूरी तरह से पिछले कई दिनों से सक्रिय हो गई है। कैथल से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता चौधरी, सीवन मंडल अध्यक्ष कृष्णा कश्यप, सुमन, सीमा, रीना खेड़ी सहित अन्य कार्यकताओं ने डोर-टू-डोर प्रचार करते हुए भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल के लिए वोट मांगे। सीवन महिला मोर्चा भाजपा मंडल की अध्यक्ष कृष्णा कश्यप ने कहा, हमारी टीम पूरी मेहनत कर रही है और हमें पूरी उम्मीद है कि जनता इस बार भी भाजपा को ही समर्थन देगी। शैली मुंजाल की जीत पक्की



है। जनता देश और प्रदेश की तरह सीवन में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएगी। भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल ने अपने प्रचार के दौरान कहा, मेरा उद्देश्य सीवन के विकास को नई दिशा देना है। मैं जनता की सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित हूं। अगर जनता का आशीर्वाद मिला, तो सीवन को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करूंगी। मेरा लक्ष्य है कि सीवन को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाया जाए। मैं सीवन की जनता के हर छोटे-बड़े मुद्दे को प्राथमिकता दूंगी और सभी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। मेरी प्राथमिकता स्वच्छ जल, बेहतर सडकें, बिजली की सुचारू आपूर्ति और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मैं युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए भी काम करूंगी। मेरे लिए राजनीति केवल सत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की सेवा का एक माध्यम है। भाजपा की नीतियां और विकास की सोच ही मेरे चुनाव लड? की प्रेरणा है। जनता का समर्थन और आशीर्वाद मुझे विजयी बनाएगा। सीवन महिला मंडल भाजपा की अध्यक्ष कृष्णा कश्यप ने जनता से अपील की कि वे भाजपा को वोट दें, कमल का बटन दबाएं और शैली मुंजाल को विजय बनाएं। इस अवसर पर काफी संख्या में उनके समर्थक उपस्थित थे।

## होंडा ने यूएनआरएसएफ के साथ साझेदारी की




**करनाल ।** होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को कम करने के लिए वैश्विक पहलों में योगदान देने के लिए यूएनआरएसएफ के साथ साझेदारी करने वाली पहली ऑटोमोबाइल निमार्ता बन गई है, जिसमें 5 वर्षों में 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पूर्व घोषित प्रतिबद्धता भी शामिल है। होंडा ने सुरक्षा प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और सुरक्षित ड्राइविंग/राइडिंग को बढ़ावा देने के अपने लंबे इतिहास के दौरान जो ज्ञान और जानकारी एकत्र की है, उसे यूएनआरएसएफ के वैश्विक नेटवर्क के साथ जोड़कर, होंडा और यूएनआरएसएफ यातायात दुर्घटनाओं के विश्लेषण और विभिन्न देशों की सड़क सुरक्षा नीतियों का समर्थन करेंगे।
सड़क पर चलने वाले सभी लोगों के लिए टकराव-मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए प्रयासरत, होंडा ने अपने वैश्विक सुरक्षा नारे हर किसी के लिए सुरक्षा के तहत हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों ही दृष्टिकोणों से सुरक्षा पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। होंडा 2050 तक दुनिया भर में होंडा मोटरसाइकिलों और ऑटोमोबाइल से जुड़ी यातायात टक्कर से होने वाली मौतों को शून्य करने का प्रयास कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक दुर्घटनाओं में 50% की कमी लाना है। इस साझेदारी में, होंडा और यूएनआरएसएफ दो प्रमुख क्षेत्रों - यातायात टक्कर विश्लेषण और सड़क सुरक्षा नीतियों के लिए समर्थन - पर ध्यान केंद्रित करेंगे और दुनिया भर के विभिन्न देशों के साथ मिलकर यातायात टक्कर से होने वाली मौतों को कम करने में योगदान देंगे।

## हरियाणा के मंत्री बोले- अनिल विज जहां अटैच हो जाता है वहां विजय श्री अपने आप आ जाती है



**अम्बाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि नगर परिषद, अम्बाला छावनी में भाजपा के पक्ष में माहौल है और हम इन चुनावों में क्लीन स्वीप करेंगे। उन्होंने कहाकि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है, वे स्वयं अम्बाला छावनी से भाजपा विधायक है और यदि नगर परिषद में भाजपा प्रधान व भाजपा पार्षद होंगे, तो विकास की मशीनरी एक साथ तेजी से चलेगी।
विज आज नगर परिषद, अम्बाला छावनी चुनाव को लेकर प्रधान एवं सभी 32 वार्डों से पार्षद पद के भाजपा प्रत्याशियों की केंद्रीय चुनाव कार्यालय में संयुक्त बैठक की और बैठक में चुनाव संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं, बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सभी उम्मीदवार पूरी तरह से उत्साहित हैं। आज बैठक में फीडबैक ली गई है और हमें पूरा विश्वास है कि नगर परिषद अम्बाला छावनी चुनाव में हम क्लीन स्वीप करने जा रहे है।
उन्होंने कहा भाजपा के डर से कांग्रेस अपनी लिस्ट जारी करने की हिम्मत तक नहीं कर सकी और मैदान में उतरी ही नहीं। कांग्रेस ने अभी से भाजपा को विजय मान लिया है। कुछ इक्का-दुक्का आजाद प्रत्याशी खड़े हैं,

# संत निरंकारी मिशन द्वारा जल सरंक्षण जागरूकता रैली का आयोजन

## स्वच्छ जल-स्वच्छ मन की ओर एक सार्थक कदम

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 23 फरवरी।** संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजैक्ट अमृत का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नही, बल्कि जल सरंक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों झीलों तालाबों कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों की स्वच्छता व सरंक्षण को समर्पित इस महाभियान में अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी




एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया है ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे। संत निरंकारी मिशन जोन भिवानी के जोनल इंचार्ज श्री बलदेव राज नागपाल जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 900 से अधिक शहरों में 1600 से अधिक स्थानों में एक साथ चलाया गया।
इसी श्रृंखला में श्री बलदेव राज नागपाल, जोनल इंचार्ज भिवानी के सानिध्य में तोशाम कस्बे में जल सरंक्षण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को चौधरी बंसीलाल चौंक से श्री विनोद सांगवान खंड विकास पंचायत अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके आगे स्टेडियम बस स्टैंड के सामने से गुजरते हुए, चौधरी सुरेन्द्र सिंह चौंक पर रैली सम्पन्न हुई। बैनर तख्तियों तथा लाउड स्पीकर के माध्यम से स्वच्छ जल-स्वच्छ मन, प्रदूषित पानी-हमारी हानि, जल बचाओ-कल बचाओ, स्वच्छ जल-स्वस्थ कल, पानी के बिन जी नहीं सकते-दूषित पानी पी नहीं सकते जैसे मिशन के संदेश प्रसारित किए गए। इस अवसर पर तोशाम स्थित पंजाबी धर्मशाला को गमले भेंट किए गए। पंजाबी महासभा समिति के प्रधान श्री सुभाष कक्कड़ ने मिशन का आभार व्यक्त किया।

# पूरी दुनिया में मशहूर हैं दस शहर



दुनिया बेहद खूबसूरत है। अगर प्राकृतिक ने हमारी गोद में सुंदरता की बरमार सौगात में दी है तो लोगों ने भी इस दुनिया को सजाने में अपनी मेहनत के रंग भरे हैं। आज हम आपको दिखाते हैं दुनिया के सबसे रंगीन शहर जो अपनी खूबसूरती के लिए जाने जाते हैं।

## Nyhavn, Copenhagen

डेनमार्क में बसे इस शहर में 17 और 18वीं शताब्दी की इमारतें, बार, कैफ़े, रेस्टोरेंट्स आदि हैं जो लकड़ी, ईंट और प्लास्टर से बने हैं। नहर के पास बने इस शहर की खूबसूरती किसी का भी मन मोह लें।

Buenos Aires, Argentina

अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में ला बोका (La Boca) नाम की जगह है जो अपने खुले म्यूज़ियम के लिए मशहूर है। यहां के लोगों ने अपने आस-पड़ोस की दीवारों पर कबाड़ के सामान और बचे हुए रंगों से बहुत ही सुन्दर म्यूरल्स और ग्राफ़िटी बनाई हैं।

## St. John's, Newfoundland and Labrador, Canada

सेंट जॉन न्यूफ़ाउंडलैंड, लैब्राडोर की राजधानी है। यह कनाडा के सबसे पुराने शहर हैं, जिसका इतिहास 1400 साल पुराना है। इस जगह का आर्किटेक्चर बहुत ही निराला है क्योंकि पुराने समय में जहाज के कप्तान अपने घर के लिए एक रंग चुनते थे, जिससे समुद्र से घर को आसानी से पहचाना जा सके। यही वजह है कि ये शहर इतना रंगीन है।

Valparaiso, Chile

समुद्र पर बसा वल्परईसो शहर, चिली का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गढ़ है। यहां लोगों ने अपनी क्रिएटिविटी दिखाकर घरों को रंग-बिरंगे रंगों से सजाया है।

Izamal, Mexico

इस शहर को ?मैजिकल सिटी? नाम दिया गया है क्योंकि यहां की इमारतों से सूर्य जैसा पीला रंग छलकता है। पत्थर से बनी सड़कें और लाइमस्टोन के चर्च और सरकारी इमारतें इस शहर की सुंदरता को और बढ़ाती हैं।

## Wroclaw, Poland

पोलैंड के इस शहर में पर्यटकों के देखने लायक बहुत सारी चीजें हैं जैसे रेस्टोरेंट, कैफे आदि लेकिन इस शहर का सबसे सुन्दर भाग है, यहां के रंग-बिरंगे घर जो पूरे वातावरण को सजीव बनाता है।

## Rio de Janeiro, Brazil

2010 में ब्राज़ील की सरकार ने रिओ की बस्तियों को सजाने का काम शुरू किया था। आज यहां की बस्तियां एक बड़ा सा रंग-बिरंगा कैनवास बन गई हैं। इस इलाके में अब टूरिस्ट्स का तांता लगा रहता है।

Jodhpur, India

भारत के राजस्थान में बसा जोधपुर शहर जो ब्लू सिटी के नाम से मशहूर है। यहां के घरों और इमारतों को रॉयल ब्लू रंग में रंगा गया है। ये प्रचलन जोधपुर के राज परिवार ने शुरू किया था। नीले रंग में रंगा गया ये शहर, शान्ति और शीतलता का एहसास देता है।


## Pattaya, Thailand

पट्टाया में सुन्दर बीच तो है ही लेकिन यहां की इमारतों के रंग हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां के घर और होटलों को कई रंगों में रंगा गया है जो इस शहर को दुनिया का सबसे रंगीन शहर बनाता है।

## Burano Island, Italy

चार आइलैंड के द्वीप समूह में स्थित इस शहर में मोहक सड़कें और नहरें हैं लेकिन उससे भी खूबसूरत यहां की इमारतें हैं जो खूबसूरत रंगों से चमचमाती हैं। यहां खास बात यह है कि यहां सरकार निर्धारित करती है कि आप अपने घर को किस रंग से रंगवा सकते हैं।





# जमीन के ऊपर नहीं अंदर हैं 10 शानदार झीलें



झीलों की ख़ूबसूरती हमेशा से ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। इनकी सुंदरता का जिक्र कई गीतों, शायरों की शायरी और बहुत सारी प्रेम-कहानियों में भी हुआ है। आपने भी वैसे तो बहुत सारी झीलें देखी होंगी लेकिन जिन झीलों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, वह रोमांच से भरी पड़ी हैं क्योंकि ये झीलें जमीन पर नहीं बल्कि अंडर ग्राउंड हैं। यह झीलें पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं।

## रीड फ्लूट लेक

चीन के तांग वंश के समय में गुइलिन में स्थित रीड फ्लूट लेक लगभग 1300 साल पुरानी है।

## वूकेई होल

ब्रिटेन के सामर सेट में स्थित ये गुफ़ा दुनिया के सबसे बड़ी गुफ़ाओं में से एक है।

## चेडर नदी घाटी

ब्रिटेन की 9000 साल पुरानी इस घाटी में 1903 में पूर्ण नर कंकाल मिला था। लाइम स्टोन की बनी हुई ये घाटी एक अंडर ग्राउंड नदी का परिणाम है।

## मेल्लिअसनी लेक

कैलीफोर्निया में स्थित इस झील की खोज 1943 में आए एक भूकंप की वजह से हुई थी।

## लेचुगुइल्ला लेक

मेक्सिको के कार्ल्सबैड सवेर्न्स नैशनल पार्क यहां की सबसे बड़ी गुफ़ा में शामिल है, जहां ये झील अपनी छटा बिखेरती है।

## सेवर्न लेक

चूना पत्थर से बनी मेक्सिको की गुफ़ाओं में स्थित इस झील में दीवारें एक वॉटर फाल की तरह दिखता है।

## बंफ्फ लेक

कनाडा के बंफ्फ नैशनल पार्क में स्थित ये झील अपनी ख़ूबसूरती के लिए दुनियाभर में जानी जाती है।

## युकाटन लेक

दुनिया के सबसे खूबसूरत झीलों में से एक युकाटन लेक मेक्सिको के मेकन चे में स्थित है।

## लुरेई सवेर्न्स

अमरीका के वर्जीनिया में स्थित इस झील को देखने दुनिया भर से पर्यटक यहां आते हैं।

## हेमिल्टन पुल

टेक्सस में स्थित हेमिल्टन पूल का निर्माण एक गुफ़ा की छत ढहने से हुआ था।



# नाव और कुत्तों की सवारी के लिए मशहूर हैं आठ देश



**कई तरह की लग्जरी सुविधाओं से लैस ट्रेन, बसों, हवाई जहाज से बहुत सारे सफर किए होंगे, लेकिन कभी बांस की ट्रेन, हाथियों और ऊंट की पीठ पर सवारी की है? शायद नहीं। दुनिया भर में ऐसी कई सारी जगहें हैं जहां टूरिस्टों को बिल्कुल अनोखे अंदाज में शहर घूमने का मौका मिलता है जो वाकई एक अलग ही एक्सपीरिएंस होता है। तो ऐसे ही अलग राइड्स का मजा कहां और किससे मिलता है, इसे जानेंगे और जब भी जाने का मौका मिले तो एक बार इनपर सवारी करना तो बनता है।**

हजारों सालों से पेरू और बोलीविया के टीटीकाका झील के किनारों पर एक खास तरह की टोटोरा बोट मिलती है जिसे रीड बोट्स भी कहा जाता है। जो दुनिया की सबसे पुरानी बोट्स में शामिल हैं। अलग-अलग साइज में मिलने वाली इन नावों को यहां के ऊरोज जनजाति के लोग अपने हाथों से तैयार करते हैं। ड्रेगन की शेप वाले इस नाव को पुराने जमाने में बुरी आत्माओं को भगाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था, ऐसा लोग मानते हैं। हल्की होने के कारण पानी में ये बहुत ही तेज रफ़्तार से चलती है। जिससे सफर आसानी से कट जाता है और मंजिल तक समय से पहुंच जाते हैं।

नार्वे के शांत वातावरण का एक्सपीरिएंस कुछ अनोखे तरीके से करना हो तो डॉग स्लीडिंग बेहतरीन ऑप्शन है। यहां के साल्टफेले-स्वार्टिसेन और जॉटुनहाइम नेशनल पार्क अपनी नेचुरल ब्यूटी के लिए जाने जाते हैं जहां तक पहुंचाने में बिनापहिए वाली गाड़ी, जिसे साइबेरियन डॉग खींचते हैं की मदद ली जा सकती है। इस स्लीडिंग का मजा लेने के लिए ओस्लो से 3 घंटे तक का सफर तय करना पड़ता है। टुकटुक, रिक्शे जैसा दिखने वाला वाहन जिसमें आगे साइकिल नहीं बाइक होती है और टुकटुक चलाने वाला बकायदा हेलमेट पहने नजर आएगा। तीन पहिए वाली ये गाड़ी मोटर की मदद से चलती है और इसका भी बहुतायत तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। सबसे पहले टुकटुक थाईलैंड में चलाई गई थी उसके बाद ये लाओस, कंबोडिया, पाकिस्तान से होते हुए इंडिया में आईं। धूल और प्रदूषण से परे इसकी सवारी वाकई मजेदार होने के साथ ही अन्य वाहनों के मुकाबले सस्ती भी होती है। ट्रेन, बस, अलग-अलग सुविधाओं वाली कार के होते हुए भी थाईलैंड में लोग हाथी की सवारी करना ज्यादा पसंद करते हैं। शाही सवारी का अनुभव कराने के साथ ही थाईलैंड के जंगलों को घूमने का मजा इसी से आता है। यहां एक छोटा सा हाथियों का गांव भी है जहां जाकर हाथियों को खिला सकते हैं, बेबी एलिफेंट के साथ मस्ती कर सकते हैं और उनके साथ फोटो भी खिंचवा सकते हैं। थाईलैंड साल भर टूरिस्टों से भरा रहता है। तो बीच पर घूमने के अलावा जंगलों की सैर हाथी पर करना भी एक अच्छा ऑप्शन है।कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह के बत्तामबैंग शहर में लोहे की नहीं बल्कि बांस की ट्रेन देखने को मिलती है। बांस की लकड़ियों से बने खांचे के ऊपर छोटे इलेक्ट्रॉनिक इंजन और नीचे पटरी पर आराम से दौड़ने वाले पहिए, वाकई आवाजाही के लिए गजब का इनवेन्शन है। बड़ी-बड़ी ट्रेनों और बसों को पीछे छोड़ कंबोड़िया में लोग एक शहर से दूसरे शहर जाने के लिए ज्यादातर इसका ही इस्तेमाल करते हैं। इसे वहां की सरकार ने भी मान्यता दे रखी है। कंबोडिया के खमेर इलाके में इसे "नौरी" कहते हैं। लेकिन इसकी सबसे अजीबोगरीब चीज है कि लोहे की ट्रेन सामने आने पर इस पर से कूदना पड़ता है।



न्यूजीलैंड शहर को एक्सप्लोर करने की सोच रहे हैं तो इन ट्रांसपेरेंट गेंदों(जोर्ब) की मदद ले सकते हैं। घाटियों और पहाड़ों से लुढ़काई जाने वाली इस गेंद में बहुत स्पेस होता है जिसमें एक या दो नहीं बल्कि कई सारे लोग एक साथ बैठ सकते हैं। जोर्ब की सबसे मजेदार बात होती है कि ये पहाड़ों, सड़कों के अलावा पानी में भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं। वहां के लोग इसे किवी कहते हैं जो बंजी जम्पिंग, व्हाइट वाटर राफ्टिंग और स्काईडाइविंग जैसे खेलों जितना ही मजेदार खेल है। रंग-बिरंगी, नियॉन लाइट्स और वूडू पोस्टर्स से सजी हुई बसें ग्वाटेमाला में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए इस्तेमाल की जाती है जिसे "चिकन बस" के नाम से पुकारा जाता है। पुरानी बसों को बिल्कुल अलग तरह से तैयार कर इसे स्कूल बस के तौर पर भी इस्तेमाल करते हैं। बड़े-बड़े पहाड़ों पर इससे सफर करना आसान होता है। पहले बसों में बकरियों और मुर्गियों की भी सवारी होती है इसलिए इस चिकन बस कहा जाने लगा। लेकिन ग्वाटेमाला में सबसे ज्यादा लूट-पाट भी इन्हीं बसों में होती हैं।



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेल: haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।